इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के बाद**



उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

संजीवनी आयुर्वेदिक

न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 7566609039 हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



## 'दादागिरी से नहीं चलेगा काम...', चिनफिंग ने ट्रंप को दिया सख्त संदेश; एससीओ विकास बैंक बनाने की कर दी अपील



नई दिल्ली। एससीओ शिखर सम्मेलन के मंच से चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए धौंस जमाने वाले व्यवहार की कड़ी आलोचना की। साथ ही उन्होंने सदस्य देशों से शीत युद्ध की मानसिकता, टकराव और दादागिरी का विरोध करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि सदस्य देशों के सामने सुरक्षा और विकास की चुनौतियां और भी मुश्किल हो गई हैं। कुछ देशों द्वारा अपनाया गया धमकाने वाला रवैया मौजूदा वैश्विक संकटों को और गहरा कर रहा है।

चिनफिंग ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अशांत और उलझी हुई करार देते हुए कहा कि दुनिया में जिस तरह से उथल-पुथल चल रही है, उसमें हमें शंघाई की भावना अपनाते हुए संगठन की भूमिका को बेहतर बनाना होगा। चिनफिंग ने राष्ट्रपति शी ने संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली की सुरक्षा करने तथा विश्व व्यापार संगठन को केंद्र में रखते हुए बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का समर्थन करने का भी आह्वान किया।

### सदस्य देश आपसी लाभ के लिए करें काम

चीनी राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि सदस्य देश आपसी लाभ के लिए काम करें। उन्होंने सदस्य देशों से आपसी मतभेदों को दूर रखने की भी अपील की और कहा कि मतभेदों का सम्मान करते हुए रणनीतिक संवाद बनाए रखें और आम सहमति से एकजुटता और सहयोग को मजबूत करें।

### एससीओ विकास बैंक बनाने की अपील

चिनफिंग ने एससीओ सदस्य देशों से अपील की कि बढ़ती मांग के बीच एससीओ विकास बैंक के गठन पर काम तेज करने की जरूरत है। बता दें कि ब्रिक्स के न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) और एशियन इनवेस्टमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर बैंक (एआईआईबी) की तर्ज पर चीन एससीओ विकास बैंक के गठन पर जोर देता रहा है। शी ने कहा कि एससीओ का अंतरराष्ट्रीय प्रभाव बढ़ रहा है।

## पहलगाम अटैक आतंक का घिनौना रूप, मोदी ने शाहबाज के सामने पाक को खूब लताड़ा



नई दिल्ली। एससीओ सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना किसी लांग लपेट के आतंकवाद पर बात की है। उन्होंने करीब 9 बार आतंकवाद या टेरर शब्द का उपयोग किया। पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम का हमला मानवता पर हमला है। चीन के त्येनजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन के दूसरे दिन प्लेनरी सेशन हो रहा है। एससीओ राष्ट्रध्यक्षों की 25वीं बैठक के बाद साझा घोषणापत्र जारी किया जाएगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया है और आतंक के खिलाफ भारत के सख्त रुख को दोहराया है। पीएम मोदी ने साफ कर दिया है कि आतंकवाद पर दोहरा मापदंड किसी भी देश को स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि सिक्योरिटी को लेकर कहा कि सुरक्षा शांति और स्थिरता किसी भी देश के विकास का आधार है। लेकिन इसकी राह में आतंकवाद, अलगाववाद, अतिवाद बड़ी चुनौती है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रंप का भारत पर हमला, टैरिफ पर कहा- 'अब बहुत देर हो गई', रूस को लेकर कही ये बड़ी बात



नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को दावा किया कि भारत ने प्रस्ताव दिया है कि वह अमेरिकी उत्पादों से टैरिफ (आयात शुल्क) को शून्य कर देगा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी भले ही वाशिंगटन के व्यापार दबाव के बीच चीन और रूस के नेताओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित कर रहे हों, लेकिन वह हमारे उत्पादों से पूरी तरह टैरिफ हटाने की बात कह रहे हैं। ट्रंप ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि भारत ने टैरिफ शून्य करने का प्रस्ताव दिया है, लेकिन ऐसा करने में उन्होंने बहुत देर कर दी है। उनको ये काम सालभर पहले ही करना चाहिए था।

### भारत के रिश्ते एकतरफा'

ट्रंप ने ये भी दावा किया कि अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते एकतरफा हैं। ट्रंप ने लिखा कि भारत की तुलना में हम उनसे काफी कम व्यापार करते हैं। वे हमसे ज्यादा ही कमाई कर रहे हैं।

उन्होंने आगे लिखा कि भारतीय उत्पादों का सबसे बड़ा क्लाइंट अमेरिका है, इसकी तुलना में हम उनको बहुत कम माल बेच पाते हैं। भारत रूस से तेल और सैन्य उत्पाद खरीदता है, लेकिन अमेरिका से बहुत कम मात्रा में ये सब लेता है। अब उन्होंने (भारत) टैरिफ हटाने का प्रस्ताव दिया है। इससे कुछ लोगों को हैरानी हो सकती है। ट्रंप के इस बयान पर अमेरिका में भारतीय दूतावास से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## धर्म से सहारे राजनीति चमकाने वालों को नितिन गडकरी ने दिखाया आईना, इशारों ही इशारों में कहीं बड़ी बात



नागपुर। अपनी साफगोई के लिए पहचाने जाने वाले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर नेताओं को आईना दिखाया है। महाराष्ट्र के नागपुर में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने धार्मिक कार्यों से नेताओं और मंत्रियों को दूर रखने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि धर्म व्यक्तिगत श्रद्धा का विषय है जबकि कुछ राजनीतिज्ञ इसका इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म की आड़ में राजनीति समाज के लिए नुकसानदायक है। राजनीतिज्ञ जहां घुसते हैं वहां आग लगाए बिना नहीं रहते हैं, अगर सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे तो नुकसान ही होगा।

इसके साथ नितिन गडकरी ने कहा कि जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है वही सबसे अच्छा नेता हो सकता है। साथ ही यह भी जोड़ा कि वह जिस क्षेत्र में काम करते है वहां सच बोलने की मनाही है लेकिन वह अपने मन और अनुभव की बात कर रहे है।

धर्म और राजनीति को लेकर नितिन गडकरी का यह बयान अब काफी सुर्खियों में है। गडकरी का यह बयान ऐसे समय है जब धर्म और राजनीति का दौर अपने पूरे उफान पर है। भाजपा के कई सीनियर नेता अक्सर धार्मिक मंचों पर नजर आते है, इसके साथ ही धर्म गुरुओं के दरबार में राजनेताओं को पहुंचना आम बात है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंदुत्त्व का झंडा बुलंद करने वाले पंडित धीरेंद्र शास्त्री के दरबार में हाजिरी लगा चुके है। वहीं चुनाव के दौरान वोटरों को ध्रुवीकरण में धर्मगुरु अपनी बड़ी भूमिका निभाते है।

दरअसल देश सियासी इतिहास में 90 के दशक से राजनीतिक सत्ता पर धार्मिक सत्ता के हावी होने का जो प्रभाव देखा गया था वह आज अपने चरम काल पर है। चुनाव में धर्म के सहारे राजनीतिक दल वोटरों के ध्रुवीकरण कर सत्ता पर काबिज होने की पूरी कोशिश करते नजर आते है। यहीं कारण है कि चुनाव से पहले कथाओं और अनुष्ठानों पर लाखों-करोड़ों रुपए खर्च किए जाते है।

भारत के इतिहास में धर्म और राजनीति दोनों सदियों से व्यक्ति और समाज पर गहरा प्रभाव डालते आए है। आजादी के बाद के अगर इतिहास के पन्नों को पलटे तो साफ पता चलता है कि धार्मिक केंद्र राजनीतिक सत्ता के केंद्रों के तौर पर कार्य करते आए है। वहीं आज जहां एक ओर देश में एक ओर दक्षिण से लेकर उत्तर के कई राज्यों में मठ-मंदिर सत्ता के शक्तिशाली केंद्र के रूप में नजर आते है तो दूसरी ओर इनके पीठाधीश्वर को राजनीति में खूब पंसद आ रही है।

अगर देखा जाए तो धर्म में राजनीति की गुंजाइश नहीं होती है लेकिन आज के दौर में जिस तरह से धार्मिक मंचों का उपयोग राजनीतिक दल के नेता अपनी सियासत चमकाने के लिए कर रहे है वह किसी से छिपा नहीं है। दरअसल धार्मिक मंचों से राजनीति कर नेता सीधे तौर पर वोटरों को प्रभावित कर रहे है और धर्म के सहारे सत्ता को हासिल करने के साथ सत्ता अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखना चाह रहे है। ऐसे में आज जब धर्म और राजनीति दोनों में गिरावट का संक्रमण काल चल रहा है, तब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकारी ने एक बार फिर अपने बयान से राजनेताओं और धर्मगुरुओं दोनों को आईना दिखाने का काम किया है।

## सीएम साय बोले- पीएम मोदी के सपनों के अनुरूप बनाएंगे प्रदेश



### भाजपा ने तैयार किया 1000 दिनों का रोडमैप

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक कार्यशाला में रविवार को नए पदाधिकारियों को आगामी लक्ष्यों के लिए तैयार रहने का मंत्र दिया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि भाजपा ने अगले 1000 दिनों की कार्ययोजना तैयार कर ली है, जिस पर चलकर आगामी विधानसभा चुनाव 2028 में फिर से सरकार बनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों के मुताबिक छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भी एक विजन डाक्यूमेंट और रोडमैप तैयार किया गया है। कार्यशाला में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

### सशक्त कार्ययोजना पर काम शुरू

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता हमेशा सक्रिय और प्रभावी रहते हैं, जिससे संगठन की नींव मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने अगले तीन सालों के लिए एक सशक्त कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है।

### छत्तीसगढ़ संगठनात्मक लक्ष्यों में श्रेष्ठ

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे बड़े नेता हैं। उन्होंने संगठनात्मक कार्यक्रमों और लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ की सराहना की और सदस्यता अभियान में रिकार्ड संख्या में सदस्य बनाने के लिए बधाई दी।

### झूठ फैलाने वाली एजेंसी बन चुका है विपक्ष

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि मीडिया और इंटरनेट मीडिया का उपयोग कर सरकार की उपलब्धियों और पार्टी की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करना नई टीम की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष झूठी बातें फैलाने वाली एक आधिकारिक एजेंसी बन चुका है और हमारा दायित्व है कि हम इन झूठों का तथ्यात्मक खंडन करें। उन्होंने इंटरनेट मीडिया को युवाओं से जुड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम बताया।

### जनता तक योजनाओं को पहुंचाना जरूरी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा साल भर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच सक्रिय रहती है।

### पवन साय ने दिया कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और उन्हीं की मेहनत से प्रदेश में सरकार बनी है, और आगे भी कार्यकर्ता ही भाजपा की सरकार बनाएंगे।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी और डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने किया। आभार महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी : सितंबर से मिलेगी 60 हजार टन अतिरिक्त यूरिया, केंद्र सरकार ने दी स्वीकृति

रायपुर। छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। सीएम विष्णुदेव साय की पहल पर किसानों को बड़ी राहत मिली है। राज्य और केंद्र की डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ के लिए 60 हजार टन अतिरिक्त यूरिया का आवंटन स्वीकृत हुआ है। इसमें सितम्बर माह के पहले सप्ताह में 20 हजार टन, द्वितीय सप्ताह में 35 हजार टन और शेष 5 हजार टन की आपूर्ति महीने के अंत तक की जायेगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि किसानों की हर जरूरत को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील है और यह अतिरिक्त आवंटन उनकी खरीफ फसलों को सुरक्षित रखने में सहायक होगा। मार्कफेड अधिकारियों ने बताया कि चालू खरीफ सीजन के लिए 28 अगस्त की स्थिति में सहकारी क्षेत्र में 3 लाख 91 हजार 79 मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 3 लाख 11 हजार 563 मीट्रिक टन, इस तरह कुल 7 लाख 2 हजार 642 मीट्रिक टन यूरिया का भंडारण किया गया है। इसके विरुद्ध 6 लाख 38 हजार 599 मीट्रिक टन यूरिया किसानों को वितरित किया जा चुका है। इसमें 3 लाख 42 हजार 444 मीट्रिक टन सहकारी क्षेत्र और 2 लाख 96 हजार 155 मीट्रिक टन निजी क्षेत्र से वितरण शामिल है। यह आँकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुए 6 लाख 17 हजार 798 मीट्रिक टन वितरण से अधिक है, जो इस बार की बेहतर आपूर्ति व्यवस्था का प्रमाण है।

### कुल 2 लाख 91 हजार 59 बॉटल नैनो यूरिया का भंडारण

प्रदेश में किसानों के लिए नैनो खाद की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सहकारी क्षेत्र में 1 लाख 78 हजार 919 और निजी क्षेत्र में 1 लाख 12 हजार 140, इस तरह कुल 2 लाख 91 हजार 59 बॉटल नैनो यूरिया का भंडारण हुआ है। इसी प्रकार सहकारी क्षेत्र में 1 लाख 58 हजार 809 और निजी क्षेत्र में 79 हजार 810, कुल 2 लाख 38 हजार 619 बॉटल नैनो डीएपी संग्रहित किया गया है। अब तक किसानों को 2 लाख 32 हजार 652 बॉटल नैनो यूरिया और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## फर्जी पासपोर्ट पर भारत में प्रवेश करने पर 7 साल की जेल, भरना पड़ेगा जुर्माना; लागू हुआ कानून



नई दिल्ली। भारत में प्रवेश करने, देश में रहने या देश से बाहर जाने के लिए जाली पासपोर्ट या वीजा का उपयोग करते हुए पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को अब सात साल तक की जेल और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने की सजा हो सकती है। सोमवार को विदेशियों और आव्रजन से संबंधित मामलों को विनियमित करने वाला नया कानून सोमवार को लागू हो गया। इसमें जाली पासपोर्ट या फर्जी वीजा के उपयोग पर कड़ी सजा का प्रविधान है। आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम, 2025 बजट सत्र के दौरान संसद द्वारा पारित किया गया था और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चार अप्रैल, 2025 को इसे अपनी स्वीकृति दी थी।

### विदेशियों की देनी होगी जानकारी

गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव नितेश कुमार व्यास ने एक सितंबर, 2025 से अधिनियम के प्रविधानों के लागू होने की तिथि निर्धारित करने संबंधी अधिसूचना जारी की। बहरहाल, इस कानून में होटलों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और नर्सिंग होम द्वारा विदेशियों के बारे में जानकारी अनिवार्य रूप से देने का भी प्रविधान है ताकि निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरने वाले विदेशियों पर नजर रखी जा सके। सभी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों और जहाजों को भारत में किसी बंदरगाह या स्थान पर किसी नागरिक प्राधिकरण या आव्रजन अधिकारी को यात्रियों और चालक दल की सूची और अग्रिम सूचना प्रस्तुत करनी होगी।

### पहले दो साल की सजा का था प्रविधान

कानून के अनुसार, जो कोई भी भारत में प्रवेश करने, यहां रहने या बाहर जाने के लिए जानबूझकर जाली या धोखाधड़ी से प्राप्त पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज या वीजा का उपयोग या इसकी आपूर्ति करता है, तो उसे कम से कम दो वर्ष की कैद की सजा दी जाएगी। इसे सात साल तक बढ़ाया जा सकता है। साथ ही, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'आपदाग्रस्त' घोषित, मणिमहेश के रास्ते में फंसे 10000 यात्रियों को बचाया, बोले सीएम सुक्खू



चंबा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को विधानसभा को बताया कि पूरे हिमाचल प्रदेश को 'आपदाग्रस्त' घोषित कर दिया गया है और राहत एवं बचाव कार्य जोर-शोर से जारी हैं। सुक्खू ने सदन में अपनी ओर से दिए एक बयान में कहा कि चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा के रास्ते में फंसे 15,000 तीर्थयात्रियों में से 10,000 श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाल लिया गया और हालात पर नजर रखी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से 3,560 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। सबसे ज्यादा नुकसान सड़कों, पुलों, पानी और बिजली आपूर्ति प्रणालियों को हुआ है। मैंने (आपदा प्रभावित इलाकों का) हवाई सर्वेक्षण किया है। सुक्खू ने बताया कि चंबा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग व चंबा-सलूनी-पादरी-जोत मार्ग का 25 किलोमीटर लंबा हिस्सा खोल दिया गया है और जम्मू व श्रीनगर से आए मणिमहेश यात्रियों को इसी रास्ते से भेजा जा रहा है। सुक्खू ने यह भी बताया कि वह चंबा जिला प्रशासन के साथ राहत एवं बचाव कार्यों पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कार्यों का विवरण देते हुए कहा कि कुल्लू-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग को खोलने का काम जारी है जबकि सड़कों पर फंसे किसानों के फल और सब्जियों को कुल्लू की ओर से भेजा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि ज्यादातर जगहों पर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है, पूरे कुल्लू जिले में दूरसंचार संपर्क स्थापित कर दिए गए हैं जबकि आदिवासी जिले लाहौल-स्पीति में मोबाइल नेटवर्क बहाल किया जा रहा है। सुक्खू ने यह भी बताया कि भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने केलांग में राशन गिराया जबकि एक बच्चे व एक गर्भवती महिला सहित पांच मरीजों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से ले जाया गया।

उन्होंने बताया कि लाहौल-रोहतांग-मनाली मार्ग खोल दिया गया है और प्रभावित लोगों को पका हुआ भोजन, सूखा राशन, कंबल और 'स्लीपिंग बैग' वितरित किए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि सभी मणिमहेश तीर्थयात्री सुरक्षित हैं लेकिन अखबारों में मौतों का दावा किया गया है।

उन्होंने सुक्खू से मणिमहेश यात्रा के दौरान हुई मौतों की संख्या बताने को कहा। ठाकुर ने यह भी कहा कि उपमुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मतदाता सूची का निरीक्षण कर कांग्रेस ने पर्दाफाश किया, वोट चोरी गुजरात में 62 लाख से अधिक मतदाता संदेह के घेरे में

### चौरासी बैठक में 6.09 लाख मतदाताओं में 30 हजार मतदाता फर्जी चुनाव आयोग पर ऊंगली उठी

अहमदावाद(गु.स.)। बिहार में राहुल गांधी वोट अधिकार यात्रा पर चल पड़े है और निशाने पर केन्दीय चुनाव आयोग है। उधर, दूसरी ओर, गुजरात में भी कांग्रेस ने मतदाता सूची का निरीक्षण करके हजारो-लाखों डुप्लीकेट और संदेहास्पद मतदाता होनें का आरोप लगाया है। केवल, इतना ही नहीं, एक व्यक्ति अनेक वोटों पर मोहर लगाता है और परिणाम बदल जाते हैं। स्वंय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.आर. पाटील की लोकसभा बैठक में चौरासी विधानसभा बैठकों का विश्लेषण किया, जिसमें 30 हजार से अधिक मतदाता संदेहास्पद, फर्जी और डुप्लीकेट है। कांग्रेस के मतानुसार, अगर चौर्यासी विधानसभा बैठक की पेटर्न लागू की जावे तो गुजरात में 62 लाख मतदाता संदेह के दायरे में हैं। कांग्रेस ने चनुाव आयोग को इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए अपनी तैयारी दर्शायी है।

देश में किसान हो या आम आदमी हो, प्रत्येक को वोट देनें का अधिकार है। जब राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा उठाया है, तब सच्चे मतदाताओं से अधिक बोगस मतदाताओं की संख्या अधिक हो, ऐसा प्रतीत हो रहा है, जो सच को साबित कर रही है। इसका उल्लेख करते हुवे गुजरात प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष अमित चावड़ा प्रेस-वर्ता को संबोधित करते हुवे आरोप लगाया है कि, संविधान की नींव को खोखला करने के लिए गुजरात में सुनियोजित षडयंत्र रचा है। यह कोई कांग्रेस की लड़ाई नहीं है। किन्तु लोकतंत्र में वोट का अधिकार बचाने की लड़ाई है। क्यों कि, गुजरात की मतदाता सूची के परीक्षण में आने वाले एक व्यक्ति के अनेक वोट देखने को मिल रहे हैं। एक व्यक्ति अनेक वोट डालता है, इसी कारण से पूरा परिणाम बदल जाता है। आरोप लगाते हुवे बताया गया है कि नवसारी लोकसभा बैठक की मतदाता सूची की जांच की थी। जिसमें चौरासी विधानसभा के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### गुजरात में वोट चोरी इस प्रकार होती है -

0 एक व्यक्ति के नाम पर स्पेलिंग में भूल करके नया मतदाता बनता है। ऐपिक नम्बर बदलकर मतदाता बनता है।

0 अलग-अलग भाषा में फार्म भरकर मतदाता बनाया जाता है।

0 अलग-अलग स्थान के पते बदलकर मतदाता सूची में नाम जोड़ दिया जाता है।

# आत्मीय सम्मान के लिए सभी का आभार, सबका विश्वास बनाने का होगा प्रयास - डॉ.नीरेंद्र साहू

राजनांदगांव (दावा)। रविवार को जिला साहू संघ के साहू सदन महिलाओं के उपस्थिति में नवनिर्वाचित निर्विरोध अध्यक्ष (मुखिया) बने डॉ. नीरेंद्र साहू के शपथ ग्रहण पश्चात तीज मिलन समारोह में मौजूदगी तीज मिलन समारोह के उत्साह को और दोगुना करने में सहायक रहा। जिला साहू संघ नगर साहू और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीज मिलन समारोह एवं सम्मान में पधारे खुज्जी के विधायक भोलाराम साहू, विभा साहू, जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष भागवत साहू, नगर साहू संघ के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष तीजेश्वरी साहू के मौजूदगी में तैलीय वंशज आराध्य देवी भक्त कर्मा माता जी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना व सामूहिक आरती गाकर, तीज मिलन एवं सम्मान समारोह का श्रीगणेश किया।

परंपरागत रुप से अतिथि देवों भवः मानतें हुए उनका माला पहनाकर पुष्प गुच्छ गुच्छ भेंटकर, चंदन तिलकाभिषेक कर स्वागत पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। तत्पश्चात तीज मिलन समारोह में विशेष रूप से महिलाओं के लिए आयोजित रस्सी खींच, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिता का आगाज हुआ। अपने निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दूसरे सत्र में नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान समारोह की शुरुआत नव निर्वाचित निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बने डॉ.नीरेंद्र साहू प्रदेश पदाधिकारियों ने माता कर्मा माता जी के श्री चरणों में समाज के सभी वर्गो के लिए सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांग की।

इस अवसर पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के अगुवाई



में शपथ ग्रहण पश्चात प्रथम बार जिला साहू संघ के साहू सदन में शुभागमन पर डॉ.नीरेंद्र साहू, डॉ.तिलक साहू-प्रदेश उपाध्यक्ष, सत्यप्रकाश साहू, श्रीमती साधना साहू, डॉ.सुनील साहू, श्रीमती बीना साहू, प्रदीप साहू, का पुष्प गुच्छ देकर एवं भव्य आकर्षक स्मृति चिन्ह भेंटकर चंदन तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

अपने उदबोधन में विधायक भोलाराम साहू ने सभी बहनों को तीज मिलन समारोह की बधाईयां और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में ऐसे रचनात्मक कार्यों की निरंतरता बनी रहनी चाहिए। निर्विरोध नव निर्वाचित शपथ ग्रहण लेने के बाद प्रथम पधारे घोरदा के माटीपुत्र डोंगरगांव निवासी डॉक्टर नीरेंद्र साहू ने अपने आत्मीयता भरे संबोधन में कहा कि आप लोगों ने मेरे प्रति विशेष स्नेह दिखाते हुए समाज के मुखिया के रुप में बागडोर सौंपा गया है, जो कि एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। जहां मैं जिला अध्यक्ष के पद पर रहा आज उसी सदन में ऐतिहासिक गौरवशाली स्वागत अभिनंदन से भाव विभूर हूं। समाज के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.साहू ने आगे कहा कि साथ ही जो प्रदेश की टीम प्रदान की है उसे साथ लेकर चलेंगे तथा आप लोगों के उम्मीद और विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही इकाई से लेकर से लेकर जिला का चुनाव निर्विरोध निर्वाचित करने की अपने संकल्पों को दुहराया।

इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष डॉ.नीरेंद्र साहू ने तीज मिलन समारोह उपास्थित महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते अपने सहित प्रदेश पदाधिकारियों के लिए आयोजित सम्मान कार्यक्रम के लिए आयोजकों का आत्मीय आभार जताया। भागवत साहू ने कहा कि यह हमारे जिले के लिए गौरव एवं ऐतिहासिक पल है कि समाज के अनुभव वान सब को साथ लेकर चलने वाले हमारे अपने बीच के हमारे सबके सामाजिक गुरु डॉ.नीरेंद्र साहू प्रदेश के अध्यक्ष पद पर शुशोभित हुए हैं, इसमें भी आप सभी की शुभकामनाएं निहित है।

इस दौरान साहू सदन में आयोजित स्पर्धा जैसे रस्सी खींच के प्रथम स्थान में श्रीमती गीतेश्वरी साहू की टीम, कुर्सी दौड़ में प्रथम चंद्रकला साहू पेंड्री, मटका फोड़ स्पर्धा के प्रथम तारणी साहू चिखली सहित द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभाशाली महिलाओं को आकर्षक पुरष्कार एवं प्रमाण पत्र अतिथि के करकमलों से उन्हें प्रदान किया गया। इस अवसर पर मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष-प्रवक्ता अंकालू साहू का उत्कृष्ट योगदान के लिए मंचस्थ आगंतुकों के बीच गुलदस्ता भेंटकर महिला प्रकोष्ठ के द्वारा विशेष रूप सम्मानित किया। कार्यक्रम का लयबद्ध विषय अनुरूप सफल संचालन नीलमनी साहू एवं श्रीमती पूनम साहू ने किया। तीज मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आभार व्यक्त जिला महिला प्रकोष्ठ संयोजिका तेजेश्वरी साहू ने किया।

## पहला कॉलम...

### गंज लाईन समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। गंज गणेश उत्सव समिति गंज लाईन राजनांदगांव समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भव्य कार्यक्रम हर दिन अलग-अलग बाहर के कलाकारों द्वारा बांसूरी वादक, पियानो वादक, गिटार वादक का आयोजन किया जाता है। इसी तरह समिति ने आज रविवार शाम को गणेश आरती के बाद साउथ के डांसर के द्वारा कच्ची पुरम नृत्य डांस किया गया एवं मुबंई वालो के द्वारा मानकचंद वाद्य यंत्र से अपने मंडली द्वारा कार्यक्रम दिया साथ ही साथ सदस्यगणों द्वारा शर्ट और लुंगी पहनकर भव्य आंनद लिया गया। पंडाल के सामने साउथ इंडियन इटली दर्शकों को प्रसाद वितरण किया गया। हर दिन प्रसाद वितरण किया जाता है, समिति द्वारा इस वर्ष भोलेनाथ जी का सावन महोत्सव विसर्जन झांकी गाजे-बाजे के साथ निकाली जायेगी। कार्यक्रम की जानकारी (अध्यक्ष) रामू लाउत्रे के द्वारा दी गई।

### कल ढोल ग्यारस पर मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार ढोल ग्यारस के उपलक्ष्य में 3 सितम्बर दिन बुधवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित करने कहा है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत जप्तशुदा वाहन स्वराज माजदा राजसात

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलमना रोड सुपुर नगर नेरखेड़ा तहसील कामठी जिला नागपुर महाराष्ट्र निवासी आदर्श मोटघरे के स्वामित्व की जप्तशुदा वाहन स्वराज माजदा क्रमांक एमएच-40/एके 0989 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

### अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा की संभागीय बैठक 5 को

राजनांदगांव (दावा)। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों कार्यकारिणी सदस्य एवं मंडल अध्यक्षों सहित सभी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्यों की बैठक 5 सितंबर को आयोजित की गई है। पांच सितंबर को 12 बजे आयोजित उक्त संभागीय बैठक में मुख्य रूप से शामिल होने अनुसूचित जनजाति मोर्चा के निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सत्यजीत सिंह का आगमन हो रहा है जिसमें मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त बैठक में अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा के जिला पदाधिकारी कार्यकारिणी एवं सभी मंडलों के मंडल अध्यक्षगण एवं जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच, पार्षद समस्त पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### रामबाई गंजीर का निधन



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम खुर्सीपार निवासी श्रीमती रामबाई गंजीर पति स्वर्गीय द्वारिका प्रसाद गंजीर सेवा. शि. का निधन 31 अगस्त 2025 को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को गृहग्राम में किया गया। श्रीमती गंजीर बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता व बूथ प्रभारी देव कुमार गंजीर की माता जी है।

# चाकू लहराकर राहगीरों को डरा धमका रहे बदमाश को पुलिस ने धर दबोचा



**धारदार चाकू जब्त कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की गयी कार्यवाही-भेजा गया जेल**

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस द्वारा अपने चौकी क्षेत्र में धारदार चाकू लेकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले आदतन बदमाश को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से धारदार चाकू जब्त कर उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध पूर्व में हत्या, मारपीट, छेड़छाड़ एवं आर्म्स एक्ट जैसे मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि 1 सितंबर को स्टेशनपारा रेल्वे ओव्हर ब्रिज फाटक के पास मे एक व्यक्ति के द्वारा चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमकाया जा रहा है कि सूचना पर आदतन बदमाश जीशांन उर्फ जानू पटेल पिता तरूण पटेल उम्र 20 साल निवासी स्टेशनपारा वार्ड नं.12 को तत्काल पकड़कर उसके कब्जे से एक नग धारदार स्टील का चाकू, जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल कर दिया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव, मप्रआर वंदना पटले, आर सुनील बैरागी, मिर्जा असलम बेग, मनोज जैन, आदित्य सोलंकी, गोपाल पैकरा एवं चौकी चिखली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लखोली के अंबे धाम सिद्धिविनायक मंदिर में पंचमी पर पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने की विशेष पूजा



**श्रीमती देशमुख सहित सभी अतिथियों का हुआ सम्मान**

राजनांदगांव (दावा)। लखोली स्थित अंबे धाम सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में पंचमी के अवसर पर भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान पूर्व महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने गणेश जी की विशेष पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति की ओर से श्रीमती देशमुख तथा अन्य अतिथियों का गणेश भगवान का फोटो फ्रेम, आरती पत्रिका और प्रसाद देकर सम्मान किया गया। पंचमी की संध्या पर पूर्व महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, पार्षद हमींन हुड्डा एवं मानव देशमुख अंबे धाम सिद्धिविनायक गणेश मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान गणेश की आरती कर विशेष पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात मंदिर समिति की ओर से उनका मंदिर प्रांगण में विशेष सम्मान किया गया। श्रीमती देशमुख ने इस अवसर पर भंडारे में प्रसादी भी ग्रहण की।

श्रीमती देशमुख ने कहा कि जनता कॉलोनी के इस अद्भुत मंदिर में पंचमी के दिन आरती करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि यहां विराजमान गणेश जी की आकर्षक प्रतिमा का दर्शन मात्र से जीवन धन्य हो जाता है। विघ्नहर्ता गणेश सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करें और सबके जीवन में सुख-समृद्धि लाएं, यही प्रार्थना है। उन्होंने मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे की सराहना करते हुए कहा कि उनकी व्यवस्था हमेशा उत्तम रहती है और वे समाजसेवा में निरंतर अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे ने बताया कि गणेश चतुर्थी से शुरू होकर पूरे 11 दिनों तक प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की। इस अवसर पर समिति पदाधिकारी एवं सदस्य महेश अग्रवाल, शिव वर्मा, गप्पू सोनकर, सुरेश साहू, मोहन सिंह राजपूत, नवीन जैन, राजेंद्र श्रीरंगे, आशीष डोंगरे, आलोक श्रीवास्तव, टी.आर. ठाकुर, शंकर यादव, सोनू सोनकर, तनु श्रीरंगे, बृजेश महाराज, उभय लाल सोनकर, मन्नू शुक्ला, संतोष देवांगन, किशोरी पारख, राजेंद्र लड्डा, दिनेश खंडेलवाल, गोमा कोठारिया, गौरव सोनकर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# कल पेंडरी आश्रम में आध्यात्मिक दिव्य सत्संग एवं सम्मान समारोह



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी से लगे हुए सुकूलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी के एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम में आगामी दिनांक 04 सितमबर दिन-गुरूवार समय दोपहर 2:00 बजे से चातुर्मास पर्व अंतर्गत आध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन कीर्तन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। यह कि दिनांक 04 सितम्बर को सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम के वयोवृद्ध गादीपति महंत सेवादास साहेब के इस वर्ष 79वां वर्ष जन्मदिवस है। इस पावन अवसर पर चातुर्मास आयोजन समिति एवं सद्गुरु कबीर आश्रम समिति के पदाधिकारियों के साथ ही साथ क्षेत्र के सभी भक्त-हंसजनों की संयुक्त तत्वावधान में गादिपति महंत साहेब जी का धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस पावन शुभ अवसर पर प्रमुख रूप से परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग से अपने संत मंडली के पधारकर सारगर्भित अपने मुखारविंद से दिव्य सत्संग-प्रवचन प्रस्तुत करेंगे। साथ ही साथ संस्कृत के विद्वान परम पूज्य मंहत ज्ञानेश्वर साहेब सद्गुरु कबीर आश्रम कोरबा छत्तीसगढ़ से पधारेंगे और जिला राजनांदगांव के वरिष्ठ संत महापुरुषों की गरिमामय उपस्थिति रहेंगी।

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202507093800020
अ/20 (1) वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनिता बग्गा पति राजभारती निवासी राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला लालबाग स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 239/क-17, 234/6 रकबा 15x40=600 वर्गफुट शीट में नहीं आने के कारण निर्धारण पट्टा नहीं मिल पा रहा है का लेख करते हुये उक्त भूखण्ड को शीट आबंटित कर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदित भूखण्ड का शीट आबंटन कर आवेदिका के नाम पर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 10.09.2025

**नजूल अधिकारी,**
**राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202507093800021
अ/20 (1) वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनिता बग्गा पति राजभारती निवासी राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला लालबाग स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 239/1क14, 234/4/1 क रकबा 50x30=1500 वर्गफुट शीट में नहीं आने के कारण निर्धारण पट्टा नहीं मिल पा रहा है का लेख करते हुये उक्त भूखण्ड को शीट आबंटित कर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदित भूखण्ड का शीट आबंटन कर आवेदिका के नाम पर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 10.09.2025

**नजूल अधिकारी,**
**राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202507093800022
अ/20 (1) वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनिता बग्गा पति राजभारती निवासी राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला लालबाग स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 239/1 झ रकबा 25'×40'=1000 वर्गफुट शीट में नहीं आने के कारण निर्धारण पट्टा नहीं मिल पा रहा है का लेख करते हुये उक्त भूखण्ड को शीट आबंटित कर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदित भूखण्ड का शीट आबंटन कर आवेदिका के नाम पर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 10.09.2025

**नजूल अधिकारी,**
**राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202507093800019
अ/20 (1) वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनिता बग्गा पति राजभारती निवासी राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला लालबाग स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 239/1क14, 234/4/1 ख रकबा 50x10=500 वर्गफुट शीट में नहीं आने के कारण निर्धारण पट्टा नहीं मिल पा रहा है का लेख करते हुये उक्त भूखण्ड को शीट आबंटित कर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदित भूखण्ड का शीट आबंटन कर आवेदिका के नाम पर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 10.09.2025

**नजूल अधिकारी,**
**राजनांदगांव**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला - कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक/निविदा/DMF/2025/5189 कबीरधाम दिनांक 28/08/2025

**-: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना :-**

सत्र वर्ष 2025 के लिए रूचि रखने वाले पंजीकृत फर्म / संस्था से डी.एम.एफ. के अंतर्गत बैगा बाहुल्य/पहाडी पहुँच विहीन क्षेत्र विकासखण्ड बोडला एवं पंडरिया में बाईक एम्बुलेंस सेवा संचालन हेतु मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डॉक से रेट कांट्रेक्ट के आधार पर आमंत्रित की जाती है, निविदा फार्म प्राप्त करने हेतु राशि 1000/- का चालान विभागीय ''मुख्य शीर्ष 0210-मेडिकल एण्ड पब्लिक हेल्थ, 01-अर्बन हेल्थ, 800-अन्य प्राप्तियों में जमा कर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कबीरधाम छ.ग. के पक्ष में देय होगा, जो कि किसी भी परिस्थिति में वापसी योग्य नहीं होगा, दिनांक 12.09.2025 अपरांह 05:00 बजे तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है :-

स्थान- कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - **12.09.2025** अपरांह 05:00 बजे।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - **15.09.2025** अपरांह 02:00 बजे।
3. निविदा खोलने की अंतिम तिथि - **15.09.2025** सायं 03:00 बजे ।

जी- 252603153/2

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202508093700037
अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निलेश्वर साहू आ. स्व. टेहरदास साहू, निवासी आदर्श चौक लखोली, वार्ड नं. 35 राजनांदगांव, तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगांव मोहल्ला लखोली स्थित शीट क्रमांक 77 डी, भूखण्ड क्रमांक 93, क्षेत्रफल 30.00 वर्गमीटर जो धारकगण टेहरदास, अमरदास, विचारदास, प्रकाशमणी, नारायण दास आ. ठूनुदास, निवासी-लखोली, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारक टेहरदास आ. ठूनुदास साहू एवं जगोती बाई की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने एवं शेष सहधारकगण का नाम यथावत् रखे जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 15.09.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका तिजिया बाई पति देवनारायण उम्र 45 वर्ष जाति हल्बा निवासी ग्राम बोगाटोला तह. मोहला जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरे नाम से पूर्व में भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरे नाम के स्थान पर द्रुपती भुआया अंकित है। तथा उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे नाम से बना शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर तिजिया बाई अंकित है, उक्त नाम सही है। इसलिये उक्त नाम को आधार कार्ड में अंकित कराना चाहती हूँ। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अत एव ईश्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान:- अंबागढ़ चौकी
दिनांक- 01.09.2025

आवेदक
**तिजिया बाई**
**निवासी ग्राम बोगाटोला**
**तह. मोहला, जिला मोहला-मानपुर अं. चौकी (छ.ग.)**

**नाम त्रुटि सुधार**

यह सूचित किया जाता है कि मेरे नाम में त्रुटिवश Sweta Mahakalkar/ स्वेता महाकालकर अंकित हो गया है। मेरा सही नाम Shweta Mahakalkar/श्वेता महाकालकर है। भविष्य में मुझे इसी सही नाम से जाना और पुकारा जाए।

**श्वेता महाकालकर**
(Shweta Mahakalkar)
पता : W/O डॉ. सुनील महाकालकर, शक्ति नगर, प्लॉट नं. 89, स्ट्रीट नं. 06, राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**शुभांक**

अनुमानित

**बी. के.**
3-6-8
778-2 780-5
**राजधानी**
1-4-9
466-6 799-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**Office of the Executive Engineer (E/M) Division**
**Public Health Engineering Department Rajnandgaon (Chhattisgarh)**

NIT No. 06/2025-26/TS/EE/(E&M) PHED/Rajnandgaon Dated:-25-08-2025

**Notice Inviting Tender**

Sealed tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh on Form "B" for job work carried out as mentioned below from the manufacturer or their authorized dealers having previous experience of such type of work satisfactory performance report.

| S. No. | Item Name | Estimated Cost in (in Lakh) | Earnest Money (Rs) | Cost of tender document | Period to complete job work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Demounting of BEC-1 Rig from old chassis and same remounting on departmental new Ashok Leyland 1920 truck chassis (20 feet chassis) with necessary modification, repairs, fabrications and refurbishing for construction of 150mm Dia 150 meters deep borewells by DTH method, including instalation trial and testing as per details technical specification given in scope of work (Annexure-B) (rates may clearly be quoted with all taxes, charges and labour charges) | 11.623 lakh | 11630 | 750.00 | 60 Days |

1.Last date of receipt of application issue of tender documents- 24-09-2025 up to 5.30 PM
2. Last date of Sale of tender document - 25-09-2025 up to 5.30 PM
3. Last date of receipt of tender document - 26-09-2025 up to 3.00 PM
4. Date of opening Tender - 26-09-2025 at 4.00 PM

**Terms & Condition**
**1 This short NIT will be part of the agreement.**
**2 This short NIT also available in the P.H.E. Department (E/M) Division, Rajnandgaon Notice Board.**
**3 This short NIT is also available in the site of https://eproc.cgstate.gov.in**

**G - 252603155/1**

Executive Engineer (E/M) Dn.
Public Health Engineerring Department,
Rajnandgoan (C.G.)

SILVER SCREEN MULTIPLEX
01st Sep to 04th Sep 2025



Param Sundari - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Dantela (C.G) - 12:00 pm
War 2 - 06:00 pm
Coolie - 12:00, 03:15 and 09:15 pm
Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 03:15, 06:30 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 3 खेल
फिल्म की लंबाई होने के कारण समय पर ध्यान दें
दन्तेला
हॉरर फिल्म
शो समय : 11.45 दिन में, 3.45 दोपहर व 8.30 रात में



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने नियमितिकरण को लेकर किया धरना प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट के सामने पिछले पखवाड़े भर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन अभी खत्म ही नहीं हुआ और जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपने नियमितिकरण व अन्य बुनियादी सुविधाएं की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के उक्त एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व हल्ला बोल आंदोलन से शहर का माहौल गर्म हो गया।

कलेक्ट्रेट के सामने फ्लाई ओवर के नीचे सैकड़ों की संख्या में जुटी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने शहर में नारे लगाते हुए जंगी रैली निकाल कर लोगों का ध्यान आकृष्ट किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का कहना है कि वे लंबे समय से सेवाएं दे रही है फिर भी शासन द्वारा नियमितिकरण नहीं किया जा रहा। इसलिए शासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने बाध्य हुई है।



**सरकार के खिलाफ हल्ला बोला, रैली निकाल कर की आवाज बुलंद**

### नियमितिकरण, ग्रेच्युटी बीमा की मांग

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की संयुक्त जिलाध्यक्ष संध्या टांडेकर ने बताया कि पूरे प्रदेश भर में 27 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा शासन से उनका नियमितिकरण किए जाने, ग्रेच्युटी बीमा व अन्य सुविधाओं से संबंधित मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आंदोलन किया गया। वहीं नियमितिकरण के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का वेतन 36 हजार व सहायिकाओं का वेतन 22 हजार मंथली किए जाने की मांग की गई है। महिलाओं ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के पास मोबाइल होना जरूरी कर दिया गया है। इस पर उनकी मांग है कि हितग्राहियों के पास भी मोबाइल होना चाहिए। कम वेतन पाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के पास मोबाइल खरीदने का सामर्थ्य नहीं है। इसलिए भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का वेतन बढ़ाना आवश्यक हो गया है।

बता दें कि पूर्व सरकार के समय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने आंदोलन कर अपनी मांगे सरकार से मनवा ली थी। उस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का वेतन 10 हजार 500 रुपए और सहायिकाओं का वेतन 5 हजार रुपए किया गया था। अब शासन से अपने नियमितिकरण की मांग सहित उनके मानदेयी वेतन बढ़ाने की मांग की गई है।

# वार्ड नं. 2 में 17.80 लाख रूपये एवं वार्ड नं. 50 में 30.20 लाख रूपये से होगा विकास कार्य

राजनांदगांव (दावा)। हमारे कार्यकाल के प्रथम वर्ष में वार्डो में विकास कार्य कराने विधायक डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा विभिन्न मदों में स्वीकृति प्रदान की गयी। अधोसंरचना मद एवं अधोसंरचना पर्यावरण उपकर निधि अंतर्गत स्वीकृति अनुसार शहर के 51 वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। विकास कार्य की कडी में वार्ड नं. 2 दीवानटोला में 7.80 लाख एवं फुलवारी के विभिन्न गलियों में 10 लाख रूपये की लागत से सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण, इसी प्रकार वार्ड नं. 50 सिंगदई में 15 लाख रूपये की लागत से रोड व नाली निर्माण, 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण एवं 5.20 लाख रूपये की लागत से सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। भूमिपूजन अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने उक्त बातों के अलावा कहा कि दोनों वार्ड में निर्माण कार्य कराने आज अलग-अलग कार्यक्रम में पार्षदों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य बहुत जल्द धरातल में दिखेगा ताकि वार्डवासियों को इसका लाभ मिल सके।



**सामुदायिक भवन एवं रोड नाली निर्माण के लिए दोनों वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में महापौर ने किया भूमिपूजन**

आज दीवानटोला एवं सिंगदई में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य व वार्ड नं. 2 के पार्षद सावन वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष व वार्ड नं. 50 के पार्षद मुकेश साहू, पार्षद कमेलश बंधे, मनोहर यादव, चन्द्रकृत साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पूर्व पार्षद अरूण देवांगन की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर विकास कार्यो का भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन के पूर्व वार्ड नं 2 में पिंटु मानिकपुरी, लेखचंद साहू, दिनेश सिन्हा, कपूरचंद धनगाय, राकेश झरिया ने एवं वार्ड नं. 50 में कुशल साहू, सुनील साहू, टोमन निषाद, निर्मल निषाद, ढालू साहू, कंगलु कुंजाम, भारत निषाद, नामदेव निषाद, अजय निषाद, माखन निषाद, रूखमणी साहू, पुष्पा निषाद, सुखबती ठाकुर, अशोक देवांगन ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू एवं श्रीमती ज्योति साहू सहित वार्डवासी बडी संख्या में उपस्थित थे।

# शहर के आयुष सोनी को राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक

**एक्सपर्ट जिम के आयुष सोनी ने जीता सिल्वर मेडल**



राजनांदगांव (दावा)। विगत 27 से 31 अगस्त को बिलासपुर जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युनाईटेड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के मार्गदर्शन में मेन/वुमेन सब जूनियर, जू.सिनियर मास्टर वर्गो में आयोजित इस राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में पूरे भारत वर्ष के 350 खिलाड़ियों के दल ने भाग लिया। राजनांदगांव जिले से आयुष सोनी ने सब जूनियर वर्ग में 75 किलो वजन समूह वर्ग में भाग लेकर उक्त स्पर्धा में छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल 310 किलो ग्राम वजन उठाकर रजत पदक प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। आयुष सोनी स्थानीय एक्सपर्ट जिम में विगत 1 वर्षो से अभ्यासरत है वे ब्लूडायमंड सिटी, नंदई राजनांदगांव में निवासरत है। वे अनुज सोनी के सुपुत्र है। ज्ञात हो कि अनुज सोनी पूर्व में जय भवानी व्यायाम के सदस्य रहे। आयुष सोनी के पहिली बार राष्ट्रीय स्पर्धा में सब जूनियर वर्ग में पदक जीतने पर एक्सपर्ट जिम के संरक्षकगण एवं पदाधिकारिय महापौर मधुसूदन यादव, नरेश डाकलिया, जितेन्द्र मुदलियार, मनीष सिंह गौतम, अमित आजमानी, तामेश्वर बंजारे, श्रीमती अंजू बंजारे, संदीप सोनी, डॉ. रोहन सोनकर, नागेश यदु, अनुज सोनी, सुभाष हरिहारनो (बल्ली), गोपेन्द्र बंजारे, खिलेश बंजारे, कितांश कुमार, प्रशिक्षक विक्रम सिंह, राज खरे, महेन्द्र यदु, पिन्टु साहू, शुभम सोनी आदि ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त जानकारी एक्सपर्ट जिम समिति के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे ने दी।

# शहरी मितानिनों को 6 माह से नहीं मिली मानदेय राशि, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। शहर में मितानीन काम करने वाली महिलाओं को पिछले 6 महिने से मानदेय राशि प्राप्त नहीं हुई है। इससे उन्हें घर चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक संकट से जूझ रही मितानिनों ने सोमवार को कलेक्टोरेट में धावा बोला और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द उनके खाते में राशि डलवाए जाने की मांग की है। मितानिनों का कहना है कि उन्हें पिछले अप्रैल माह से राशि नहीं मिली है।

मानदेय राशि नहीं मिलने से उन्हें घर चलाने में कठिनाइया आ रही है आर्थिक संकटों से उन्हें गुजरना पड़ रहा है। मितानिनों ने कलेक्टर निवेदन किया कि जल्द से जल्द उनकी खाते में राशि डलवायी जाए।

# कमल कुमार दुबे छ.ग. प्रदेश पेंशनर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त



राजनांदगांव (दावा)। घुमका निवासी कमल कुमार दुबे छत्तीसगढ़ पेंशन एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत दीवान ने छ.ग. सोसायटी अधि.1978 संशोधित 1996 की धारा 29 के अनुसार एवं धारा 27 में प्रांतीय अध्यक्ष को पंजीयन क्र. 1844 दि. 29/9/2007 से प्रदत्त अधिकार से प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित कर नियुक्ति पत्र श्री दुबे को प्रेषित किया है, जिस पर श्री दुबे ने अपनी सहमति व्यक्त की है। कमल कुमार दुबे लगातार घुमका तहसील पेंशनर एसोशिएशन के अध्यक्ष का कुशल दायित्व निर्वहन करते हुए घुमका में पेंशनर भवन एवं वहां आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने में अपनी महती भूमिका निभाए हैं और लगातार पेंशनर हितों में जुटे हैं उनकी सक्रिय सहभागिता को देखते हुए उन्हें वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, अनिल शर्मा, सुधीर शेंडे, पतिराम साव, रमेश भोजवानी, गनपत दुबे, बांकेलाल श्रीवास, मेंघु राम वर्मा, सेवाराम दुबे, हीरो बाई, देवी लाल सेन, ठगिया बाई, तुलेश्वर दास आदि ने बधाई शुभकामनाएं दी हैं।

# स्टेशन पारा के वार्डवासियों ने की शिकायत, चोरी व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग- आसिफ अली



राजनांदगांव (दावा)। शहर के स्टेशन पारा वार्ड में बीती रात तीन घरों में चोरी की वारदात होने से वार्डवासियों में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद मंगलवार को वार्डवासी, शहर उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में चिखली पुलिस चौकी पहुंचे और प्रभारी अरुण नामदेव से मुलाकात कर त्वरित कार्रवाई की मांग की। वार्डवासियों ने बताया कि चोरी की लगातार घटनाओं से मोहल्ले में असुरक्षा का माहौल है। इसके साथ ही रात्रि में असामाजिक तत्वों की गतिविधियाँ भी बढ़ रही हैं, जिस पर रोक लगाने की ज़रूरत है। इस मौके पर पुलिस चौकी प्रभारी अरुण नामदेव ने आश्वस्त किया कि चोरी की घटना में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और रात्रिकालीन गश्त बढ़ाकर असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिकायत के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली के साथ अल्पसंख्यक अध्यक्ष राजा खान, अशोक निर्मलकर, वेंकट राव चीकू, भगत सिंह, मोनू खान, रविन्द्र सिंग, योगेश निर्मलकर, नीतू वैष्णव, चेतन बघेल, रविन्द्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# नांदगांव-कवर्धा के कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मंत्री अकबर का किया स्वागत

**नांदगांव-कवर्धा के सियासी स्थिति को लेकर की चर्चा**



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व प्रभारी मंत्री व पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर के जन्मदिन और उमरा हाजरा से लौटने पर बीते दिनों राजनांदगांव और कवर्धा के कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात कर बधाई दी। इस दौरान पूर्व मंत्री अकबर ने राजनांदगांव और कवर्धा के कांग्रेस नेताओं से राजनांदगांव की सियासी स्थिति को लेकर चर्चा की। साथ ही प्रदेश में संगठन सृजन के तहत पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया को लेकर भी जानकारी ली। राजनांदगांव की सांगठनिक स्थिति पर भी उन्होंने चर्चा की। अकबर के राजधानी निज निवास में कांग्रेसी नेताओं ने मुलाकात के दौरान संगठन की मौजूदा स्थिति पर लंबी मंत्रणा की। बताया जा रहा है कि जल्द ही प्रदेश संगठन के माध्यम से ब्लॉक स्तर में नए पदाधिकारी मनोनित किए जाएंगे। ऐसे में संगठन की स्थिति के मजबूत होने की संभावनाएं बढ़ जाएगी। पूर्व मंत्री अकबर ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के विषय पर भी आवश्यक जानकारी ली। पूर्व मंत्री अकबर से मुलाकात के दौरान रमेश खंडेलवाल उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राजनांदगांव, रवि साहू जिला महासचिव युवा कांग्रेस, घनश्याम साहू पंडरिया, होरी साहू कांग्रेस जिलाध्यक्ष कवर्धा, सीमा अगम अनंत पूर्व जिपं अध्यक्ष, उत्तरा दिवाकर ब्लॉक अध्यक्ष पुंडा, अशोक सिंह शहर कांग्रेस अध्यक्ष कवर्धा, चंद्रशेखर साहू मंडल अध्यक्ष पंडरिया, मेहुल सत्यवंशी कवर्धा, सितेश चंद्रवंशी जिलाध्यक्ष एनएसयूआई, गोपाल चंद्रवंशी संगठन महामंत्री कवर्धा, मनोज चंद्रवंशी कवर्धा समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी जिला महासचिव युवा कांग्रेस रवि साहू ने दी।

# तखतपुर पुजारी हत्याकांड पर आक्रोषित हुआ पुजारी पुरोहित संघ



राजनांदगांव (दावा)। तखतपुर स्थित सूरिघाट मंदिर के पुजारी जागेश्वर पाठक की निर्मम हत्या कर दिया गया। इसका अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी ने प्रदेश सचिव डोमन दास वैष्णव, जिला अध्यक्ष दिलीप वैष्णव, जिला सचिव राकेश दास, वैष्णव ने घटना की निंदा की संघ ने कहा कि पुजारी जागेश्वर पाठक के हत्यारे को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। सरकार मंदिरों को संरक्षण देने के बजाय असुरक्षित करते जा रही है। सनातन धर्म की रक्षा करने वाले पुजारी को आए दिन हत्या का शिकार बनना पड़ रहा है देखते ही देखते पूरे छत्तीसगढ़ में कई पुजारी की हत्या हो चुकी है। भगवान की संपत्ति को हड़पने तथा भू माफिया द्वारा कब्जा करने की मंशा से पुजारी की हत्या की जा रही है। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ यह कभी बर्दाश्त नहीं करेगा, इसका विरोध करने वालों में डोंगरगढ़ बजरंगबली मंदिर के महाराज चंदन दास हनुमान मंदिर राजनांदगांव के महाराज डोमन दास किला मंदिर के पुरोहित दिलीप दास पांडाडह बड़े जमात मंदिर पुजारी रिंकू दास मध्यप्रदेश बालाघाट लांजी राम मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नारायण दास कृष्ण मंदिर के पुजारी मनीष दास महावीर मंदिर के पुजारी हालदार दास ने तथा सामाजिक बंधु एलडी निर्मोही राकेश दास वैष्णव संजय वैष्णव अनूप दास वैष्णव शिव वैष्णव कृष्ण कुमार वैष्णव जितेंद्र वैष्णव सतीश वैष्णव मनोज निर्वाणी बाबा वैष्णो ज्ञानी वैष्णव रोहित वैष्णव धर्म, वैष्णव अमर वैष्णो, संजीत वैष्णव राजकुमार वैष्णव सोनेट निर्वाणी राम वैष्णव विष्णु वैष्णव, निधि वैष्णव शिव मंदिर, ज्ञानेश्वर दास वैष्णव पारीखुर्द शिव मंदिर, शर्मा महाराज जगन्नाथ मंदिर, जितेंद्र झा दिग्विजय कॉलेज गणेश मंदिर, शेखर दुबे दुर्गा मंदिर राम जी, विश्वास राम मंदिर बलदेव बाग वैभव निर्वाणी बाला बाबा मंदिर महेंद्र वैष्णव राजा जमात मंदिर संतोष वैष्णव एवं समस्त अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ने इसका विरोध किया है तथा आंदोलन की चेतावनी दिए।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने शिक्षा मंत्री से अविलंब काउन्सलिंग की मांग



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के मार्गदर्शन में नवपदोन्नत व्याख्याता टी संवर्ग का प्रतिनिधि मंडल ने मुकेश कुमार शुक्ला जिला महासचिव जिला इकाई मोहला मानपुर चौकी के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से महानदी भवन रायपुर में भेंटकर नवपदोन्नत व्याख्याता के अविलंब काउंसलिंग के माध्यम से पद स्थापना हेतु आग्रह किया गया। इस पर मंत्री द्वारा आश्वस्त किया गया कि सप्ताह भर के भीतर टाइम टेबल और इसका काउंसलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, साथ ही मंत्री महोदय ने आश्वस्त किया कि यह मेरे ध्यान में है, शासन इस पर तत्काल कार्यवाही कर रही है।

आज ही सचिव, शिक्षा विभाग और संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से इस पर चर्चा कर त्वरित कार्रवाई का निर्णय लिया जावेगा। फेडरेशन द्वारा शिक्षा विभाग में शिक्षक से व्याख्याता पद पर पदोन्नति करने की भी मांग की गई। इस अवसर पर फेडरेशन के रूपेन्द्र कुमार साहू, चन्द्रशेखर कोर्राम, मुरली मनोहर साहू, सुंदर लाल साहू, बृजलाल उइके, सुरजलाल जात्रे एवं देवलाल ठाकुर उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी मुकेश कुमार शुक्ला ने दी।

# तप करने वाले का शरीर औषधीय गुणों से भरपूर हो जाता है-मुनि वीरभद्र

राजनांदगांव (दावा)। विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां तप की महत्ता बताते हुए कहा कि, तप करने वाला व्यक्ति न केवल आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ता है बल्कि उसका शरीर औषधीय गुणों से भरपूर हो जाता है, उसकी शक्ति इतनी बढ़ जाती है कि वह व्यक्ति के शरीर का जहर तक उतार सकता है। तप करने से आत्मा का शोधन होता है और वह आत्म कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ जाता है। जैन बगीचे स्थित उपाश्रय भवन में मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि तप करते समय तल्लीनता होनी चाहिए। जितनी भी प्रतिकूल स्थिति आ जाए व्यक्ति को सामान्य रहना चाहिए। तप करते समय ध्यान नहीं भटकना चाहिए। उन्होंने कहा कि तप करना कोई सामान्य बात नहीं है। तप करने वाला आत्मीय गुणों के अंदर रमण करता है। यदि हम आत्मरमण करते रहे तो हमारे गुणों का भी विकास होगा और हम आत्म कल्याण के मार्ग की ओर कदम बढ़ा लेंगे।

मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि पांच सामायिक एक साथ करने की कोशिश करें। साथ ही स्वाध्याय भी करने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि स्वाध्याय से बड़ा कोई तप नहीं है। सद्गुरु के प्रति हमारा अनकंडीशनल समर्पण होना चाहिए तभी हम आत्म कल्याण का सही मार्ग चुन पाएंगे। मुनि श्री ने कहा कि अपने को पहचानने की कोशिश करो। काया का मोह छोड़े बिना आत्म कल्याण संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि तप को सफल बनाना है तो त्याग करना सीखना ही होगा। उन्होंने कहा कि हर रोज कम से कम एक सामायिक और स्वाध्याय जरूर करना चाहिए। मोबाइल को अपने से दूर रखें। कोशिश करें कि हर रोज कम से कम एक निश्चित समय तक अपने से मोबाइल को दूर रखें। उन्होंने कहा कि तप करने के कई तरीके हैं किन्तु सफलता का रास्ता एक ही है तल्लीनता। प्रतिकूल परिस्थिति में भी एकाग्र रहना और साधना करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।



**काया का मोह छोड़े बिना आत्म कल्याण संभव ही नहीं है**

### सिद्धि तप पारणोंत्सव शुरू

सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष मनोज बैद, चातुर्मास समिति के संयोजक प्रदीप गोलछा, सहसंयोजक पीयूष बैद, कोषाध्यक्ष सुरेश गांधी, सचिव प्रभात पारख ने बताया कि सिद्धि तप पारणोंत्सव का तीन दिवसीय आयोजन आज 1 सितंबर से शुरू हुआ। पहले दिन प्रातः 8:45 बजे से 'तप का महत्व' विषय पर प्रवचन हुआ एवं दोपहर 2:30 बजे से मेंहदी एवं सांझी पर कार्यक्रम नीपा शाह व जिया शाह, सूरत द्वारा तथा शाम 7:30 बजे से जैन बगीचा प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय संस्थाओं/मंडलियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। मैंने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 2 सितंबर मंगलवार को प्रवचन सुबह 8:45 बजे से होगा। तपस्या गीत दोपहर 1:30 बजे से, सिद्धि तप वधामना, संवेदना शासन भाई, मुंबई द्वारा साथी संगीतकार गौतम भाई वारिया, मुंबई के साथ शाम 7:30 बजे से प्रस्तुत किया जाएगा। तीसरे दिन 3 सितंबर बुधवार को परमात्मा संग तपस्वियों का भव्य बरगोडा प्रातः 7:30 बजे जैन बगीचे से निकलेगा और नगर भ्रमण करता हुआ वापस जैन बगीचे पहुंचेगा। इसके बाद सिद्धि तप के तपस्वियों का प्रातः 9:30 बजे से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी कार्यक्रमों में समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति का निवेदन किया है।

# दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम को सुनने के लिए समूह की महिलाओं में रहा विशेष उत्साह

**महिलाओं को शासन की योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए किया गया प्रोत्साहित**



राजनांदगांव(दावा)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिला पंचायत के सभाकक्ष में दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम जिला पंचायत, सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों और सीएलएफ सेंटर में की गई। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को शासन की योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। दीदी के गोठ कार्यक्रम में बिहान समूह की आत्मनिर्भर बन चुकी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। दीदी के गोठ रेडियो प्रसारण सुनने के लिए जनपद पंचायत, संकुल संगठनों एवं ग्राम संगठन स्तर पर बिहान की स्वसहायता समूह सदस्यों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। अपने बीच की ही महिला का प्रसारण सुनने हेतु महिलाओं में अलग ही उत्साह नजर आया। स्वयं इस कार्यक्रम को सुनने की इच्छा जागृत हुई तथा आत्मविश्वास बढ़ा। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम को सुनने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम जनपद पंचायत डोंगरगढ़, जनपद पंचायत डोंगरगांव सहित जनपद पंचायत छुरिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जनपद पंचायत डोंगरगांव में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पड़ौती, जनपद सभापति श्रीमती रेशमा साहू, विकासखंड परियोजना अधिकारी श्री देवेन्द्र, क्षेत्रीय समन्वयक श्रीमती चंचल देवी, जनपद पंचायत राजनांदगांव में जनपद सदस्य दुष्यंत धनकर, सीईओ जनपद पंचायत मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में महतारी आजीविका संकुल संगठन की महिलाएं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

**"जो कठिनाई से भागता है, सफलता उससे हमेशा दूर रहती है।"**

## सम्पादकीय

# चीन का पैंतरा: एक कंकड़ से अनेक शिकार?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चीन के तियानजिन पहुंचना, यह व्यूहनीति है। विशेषज्ञों के मतानुसार चीन में आयोजित एससीओ समिट केवल एशिया के देशों तक ही सीमित नहीं है। किन्तु, वैश्विक स्तर पर एशिया को अधिक मजबूत बनाने तथा एशिया के दो प्रमुख स्तम्भ चीन और भारत के विकास तथा उसकी सार्वभौमत्व के रक्षण की, आतंकवाद की बात भी हुई। जिसका चीन ने समर्थन किया। शंघाई कोआपरेशन आर्गेनाइजेशन (एस.सी.ओ.) की मीटिंग में 20 देशों के नेताओं का आगमन हुआ था। इस 25वीं एस.सी.ओ. की समिट में अमेरिका के टेरिफ का हथियार मुद्दा बना है। भारत और चीन ने तो तय कर लिया है कि अमेरिका को सबक सीखाना है। वैसे, अन्य मुद्दे व मोर्चे भी महत्वपूर्ण थें।

उल्लेखनीय कि, तियानजिन की अपनी अनोखी खासियत है। इस कारण, चीन ने जानबूझकर एस.सी.ओ. की मीटिंग यहां आयोजित की है। बेइजिंग और शांघाई के बाद तियानजिन चीन का सबसे बड़ा शहर है। चीन पश्चिमी देशों को यह संदेश देना चाहता है कि इस शहर में भूतकाल में विदेशी सत्ता थी और अलग-अलग मिलेटरी व्यवस्था थी। इसके बावजूद, आज तियानजिन चीन का सबसे सुन्दर, विकसित और आधुनिक शहर बन गया है।

एस.सी.ओ. में नि:संदेह रूस के राष्ट्रपति पुतिन के शामिल होनें वैश्विक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। इस बैठक में इनके अलावा ईरान के राष्टपति मासौद पेजेशकिआन, पाकिस्तान के पी.ए. शाहबाज शरीफ बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेन्डर, कजानिस्तान के राष्ट्रपति कासीम जोमार्ट टोकायेव शामिल थे। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत जयोवेव राहमोन भी आए थे। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तापीय एदेचिन, म्यांमार के मिलेटरी वडीमिन आंग हलेहिंग भी जुड़े। नेपाल, इंडोनेशिया, मलेशिया, मालदिव्स के नेताओं को भी निमंत्रण था।

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की चर्चा मीटिंग के केन्द्र में थी। पुतिन की ओर से सकारात्मक संकेत मिले हैं। इजराइल और हमास के युद्ध की बात, गाजा की भूखमरी, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का ट्रेडवार चल रहा है, इस पर भी चर्चा संभावित है। इसमें कोई संदेह नहीं कि, उक्त समिट मीटिंग बहुत ही अच्छी और सफल साबित होगी। एशिया के विभिन्न देशों के अस्तित्व के सामने जो जोखिम खड़ा हुआ है, उसका सामूहिक रूप से समाधान निकालने का प्रयास रहेगा। चीन यजमान की भूमिका में है। तब वह अपनी समस्याएं, अपने प्रश्नों के बाबत अधिक संवाद करेगा, अधिक समय लेगा, ऐसी संभावना थी। चीन के पास बुद्धिधन, शक्ति ओर जनबल प्रचूर मात्रा में है। नरेन्द्र मोदी और ब्लादीमीर पुतीन की बीच भी 40 मिनट चर्चा हुई है, जिसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अमेरिका वैश्विक स्तर पर अपना पैर पसारना चाहता है। लेकिन, उसका तरीका वैमनस्यपूर्ण हैं। वह टेरिफ का आतंकवाद दिखा रहा है। भारत और चीन अगर साथ-साथ चले तो अमेरिका को भी करारा झटका मिलेगा, जिसका ट्रेलर भी देखने को मिला है।

# //अतलंग के सजा//

**प्रिया देवांगन "प्रियू"**



कइसे वो कहाँ जाए के तैयारी करत हस; मोटरा मन ल गठियात हस।

चिटरू मुसवा ह अपन बाई टीनी मुसवी ले पूछिस। टीनी अपन माथा धर के तेज आवाज म बोलिस- 'अरे...राम राम! कइसे बात करत हव जी आप मन; नइ जानव का गणेश पक्ष आवत हे? अब ग्यारह दिन तक उहें उसर-पुसर के रहना बसना, खाना हे, प्रभु के सेवा म गाना-बजाना हे। अब तो हमरे राज चलही।' पुछी ल हलावत टीनी बोलिस। अच्छा.....ठीक....ठीक मैं भुला गे रहेंव बाई! सोचत रहेंव की काहीं भुलाए-भुलाए कस लागत हे। फेर का ह ते सुरता नइ आवत रीहिस।

टीनी एक हाथ ल कनिहा म रखत बोलिस-''तोर तो चेत नइ रहय जी आजकल; जइसे-जइसे उमर बाढ़त जात हे, दिमाग घलो कमती होत जात हे तइसे लागत हे।'' अँखियात टोंट मारत टीनी ह बोलिस। ये बाई! सुन न मैं तोला कुछ नइ बोलव ओखर मतलब मोर बेज्जती करबे का? अंगरी देखावत चिटरू बोलिस। लगभग आधा घंटा तक मुसवाङ्कमुसवी के लड़ाई चलिस। चलो रे.....लइकामन सबोझन झोला म अपन-अपन कपड़ा लत्ता ल धरौ। आधा दर्जन तो लइका रहय चिटरू के। एक झन लइका पूछिस-''दाई....ये दाईज्ज्हमन कोन गाँव जावत हन वो?'' ऐदे बेटा; थोरिक दुरिहा हे रे अमलीडीही उहें जोरदार गणेश उत्सव मनाथें। ग्यारह दिन भंडारा करथे लोगनमन। टीनी बोलिस। त दाई! अब्बड़ मजा आही न खाय मा। सब ले छोटे टूरा टिच्च ले कूद के बोलिस।हव......हव। सब के सब मोटरा धर के रेंगत खुशी-खुशी अमलीडीही पहुँचगें।

कतका बड़े शहर हे दाई! मैं कभू ऊँहा जा के खाहूँ, त कभू ऊँहा। छोटे मुसवा कहिस।हॉं, तहान गवां जाबे न त दांत ल खिसोर देबे। चुपचाप सब के सब एक सँघरा रहिबो, अलग-थलग नहीं।

वाह....! कतका सुग्घर पंडाल सजे हे। टीनी, चिटरू ल कोचक के बोलिस।हाव बाई; देख के चिटरू के आँखी चकचकागे।

छोटे टूरा बोलिस-''दाई! ये कोन हरै वो, एकर सूंड़ कतका लंबा हे, कान घलो?''अरे बेटा इही तो हमर प्रभु हरे रे...। मुसवी बताइस।बड़का टूरा उचक के बोलथे-''बाबूज्ज्वहा दे एक झन हमरे असन मुसवा पहिली ले आगे हवै....फेर वो हा हालत-डोलत काबर नइ हे?''ओला बड़े मुसवा ह छू-छू के हला के देखै; कभू ओखर पीठ म चढ़ जावै, कभू पूछी ल धर के हलावै, फेर काला हालही।

उतर रेज्ज्उतरज्ज कोन हरय रे भारी गरु हे! माटी के मुसवा बोलिस। मैं प्रभु के साथ आय हँव। दाई ह हाँसत बताइस-''ये हमरे जाति के हरै बेटा, ये माटी के हरै।''त दाई....माटी के मुसवा ल काबर रखे हे वो....? हमन के कमी हे का?हाव दाई मोला बइठा देतीस। बड़कू ह बोलिस।

तुमन ल बइठारे के का जरूरत, अब आय हव ता ''सेवा करो मेवा खाव।'' सब ले पहिली नजर तो भोग लगे किसम-किसम के मेवा मिठाई म परिस।जइसे ही चिटरू के मंझला टूरा लड्डू ल उठइयाच रीहिस, ओकर दाई चट ले चेथी कोती दिस। अरे टूरा...! पहिली प्रभु के दर्शन कर के हाजरी तो देवा रे। आते साथ खाय ल भिड़गेस। एकदम अपन ददा ऊपर गे हस।

टीनी के बोलते साथ चिटरू बग ले बाई कोती देख के बोलथे- ''ए वो ये का बोलेस? लड्डू ल देख के कुर्ता म मोर लार ह टपकिस का?''

हे प्रभु! मोर चिटरू अउ ये आधा दर्जन मोर लइका मन ल बने आशीर्वाद दे प्रभु; तोर सेवा करे बर आ हन माई-पिला। टीनी मुसवी हाथ जोड़ के प्रभु के चरण म घोलन के पाँव परिस। चलौ रे सब के सब दंडाशरण पाँव परो लम्बोदर भगवान के। प्रभु ह मुस्का के आशीर्वाद दिस।सब बने बने चलत रीहिस। फेर एक दिन एक झन मनखे, जेन गणेश पंडाल म रहय तेन आकप करत अपन संगवारी ल बोलिस।भाई.....मैं कुछ दिन होगे देखत हँव, रोज कुछ न कुछ गायब होवत हे। कभू लड्डू, मिठाई, माला त कभू दूध ह गंवाय रहिथे....मैं भोरहा म हँव.....कि का समझ नइ आवत हे।दुसर मनखे के खुशी के ठिकाना नइ रहिगे। वा तोला का होगे बइहा? अरे भाई, साक्षात् हमर प्रभु गणेश जी ह तो रातकुन निकल के नइ खात होही?

अरे यार! तहु ह कोन भरम म जीयत हस। चल मान लेथों गणेश जी खावत होही; फेर सब के सब प्रसाद ल थोड़ी खा दीही यार अउ एक घंटा म भोग गायब हो जाथे। जरूर मुसवा खुसरे होही। काबर की देख न यार रोज कुछ न कुछ नुकसान होवत हे हमर। एक दिन आरती होते साथ सबो प्रसाद ल मनखे मन म बाँट दिस। अउ रातकुन कुछ नइ राखिस। आधा रात होते साथ सब के सब मुसवा मन माईङ्कपिल्ला निकलिन। देखथे आज ठनठन गोपाल हे रे...कुछ नइ हे खाय बर। मुसवा मन म खलबली मचगे। भूख के मारे जीव पोट-पोट करत राहय लइकामन केदाई भूख लागत हे वो...। हव बेटा आज कइसे कुछ नइ राखे हे रे...। टीनी मुसवी ह गारी देवत चिटरू ल बोलथे-''तभे तोला बोले रेहेंव, रोज थोड़ा-थोड़ा बचा दे कर करके, सब्बो ल खा डरथो तुमन ह तो।'' तभे माटी के मुसवा बोलिस-''अब तुमन ल कुछ नइ मिलने वाला, बोरिया बिस्तर बाँधौ अउ रेंगव।''ये माटी के मुसवा! चुप रहा मुँह बंद कर, हमन ल कोनो नइ भगा सकै; समझे। चिटरू आँखीं देखावत बोलिस। चिटरू अउ टीनी के घमंड दिनों-दिन बाढ़त जात रहय।

सबो झन के आतंक अब्बड़ बाढ़गे रहै, बहुतेच नुकसान करैं। कभू लाईट के तार ल कुतर दै, कभू गणेश भगवान के माला के गिरा दै......।बड़ नुकसान के सामना करना परत रीहिस मनखे मन ल।ऐति मुसवा मन म मजा रहय।गणेश भगवान चेतावनी घलो दे रीहिस, फेर नइ मानिन।दुसर दिन बिहनिया मुसवा मन लरघाय परे रहै। जइसे ही आरती के घंटी बाजिस; सब के जीव म जीव आइस। हाय! अब खाय बर मिलही। आज तो अब्बड़ अकन मोदक हे भाई! छोटे मुसवा पिला ल रहे नि गिस। देखते ही मोदक ऊपर झपट्टा मार दिस। सब के सब भक्त मन देख के हँसे ल लग गे, गणेश जी प्रगट होगे कर के।

हमरे राज हरय करके अप्पत बाढ़गे रहै। कम से कम ग्यारह दिन तक तो कोनो हाथ नइ लगा सकै रे हमन ल, जतना उधम करना हे करौ। चिटरू अपन छाती चौड़ा कर के बोलत रीहिस। तभे माटी के मुसवा हॉंस दिस। थोरिक देर बाद पंडाल के एक झन मनखे ह सपट के देखत रीहिस; अब तो एकर मन के कचूमर निकालना ही पड़ही।

जइसे ही चिटरू मोदक लेगे बर आइस, मनखे ह बाहरी के मुठिया म फेंक के दे मारिस। काँय-काँय करत चिटरू बिला म खुसर गे।

अइइ!.. का होगे जी का होगे? टीनी, चिटरू ल कल्हरत देखिस त ओहर आग बबूला होगे। काकर हिम्मत रे मोर चिटरू ल मारे के? बोलत चिटरू ल पोटार लिस। मुसवा पिला मन सपट गें। टीनी अपन बड़े टूरा ल बोलिस-''जा बेटा प्रभु के तिरन कुछ लगाए बर दवई-बूटी होही त लानबे।'' तब तक ले मुसवी तेल ल चिटरू के पीठ म लगावत रहय।

कलेचुप बड़े टूरा आधा डर आधा बल म जात रीहिस; जइसे ही बिला ले निकलिस, मनखे ह फेर बाहरी ल धर के मारिस; नाक ह छोलागे मुसवा के।रोवत-रोवत फेर बिला म खुसर गे। मँय नइ जॉंव दाई, अब्बड़ मार थे वो; आज तो हमर परान नइ बाँचै, मोर नाक छोला गे दाई।

का समझथे अपन आप ल ये मनखे मन ह? पंडाल म माटी के मुसवा ल बइठार के पूजाङ्कपाठ, भोग लगा के मेवा खवावत हे। नइ खावत हे त जबरन मुँह म घुसावत हे। हमन का बिगाड़े हन? इहाँ जीयत जागत हवन त देख के कुदावत हे। का इही हरे मनखे मन के असली सेवा......?आधा रात के, जब मनखे मन सुतगें तब टीनी मन माई पिल्ला जा के प्रभु के सामने हाथ जोड़ रोवत सवाल म सवाल करत रीहिन।आज बता प्रभु! मनखे मन जीयत के इज्जत नइ करैं; मार भगाथें।प्रभु हमन ले का गलती होगे ते हमन ल भगावत हे। सुसकसुसक के बोलत रीहिन।गणेश भगवान बोलिस-''मनखे के एमा कोनो गलती नइ हे।''मुसवी-मुसवा एक दुसर के मुँह ल बोक-बोक देखन लगगे। प्रभु ह का बोलत हे कर के।काबर कि मँय तुमन ल पहिली चेतावनी दे रहेंव; चुपचाप रहू, ज्यादा नुकसान झन करहू, फेर तुमन के कान म जूँ तक नइ रेंगिस। तुमन ल देख के तुंहर पिला मन घलो करत हें; दाई ददा के रद्दा म रेंगबे करहीं।

कतका भक्ति-भाव हृदय ले मोर सेवा करत मनखे मन के तो तुमन अब्बड़ नुकसान पहुँचाय हो, ओकर सजा मिलिस तुम सब ल। 'तुमन ल बहुत घमंड होगे रहय, कोनो कुछ नइ कर सकै कर के।' चिटरू अउ ओकर बाई के घमंड चूर-चूर होगे। हमन ल माफ कर दो प्रभु! सब के सब माफी माँगत बोरिया-बिस्तर धर के निकलगे।

- राजिम, जिला-गरियाबंद

## विचार सरिता

# हँसी के किस्से: स्वच्छता अभियान जारी, सेल्फी प्रेमी युवतियों पर बरस पड़े बुजुर्ग

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



(पिछले सप्ताह से आगे) मोहल्ले में स्वच्छता अभियान के लिए नियत समय पर लोग इकट्ठा हुए। किसी ने स्वच्छता अभियान से संबंधित फ्लेक्स बैनर भी बनवा लिया था। बच्चों के हाथ में कचरा एकत्र करने के लिए छोटे- छोटे पॉलिथीन थे। युवाओं के हाथ में झाड़ू थे और कुछ युवक मोहल्ले की सड़कों पर बने भारी बारिश से बने छोटे गड्ढों को भरने के गैंती-फावड़ा जैसे औजार भी लिए हुए थे।

युवतियों में से कुछ ने मास्क लगा रखा था। बुजुर्ग लोग भी उत्साह में थे।कवि कुमार इतने लोगों को एक साथ इकट्ठा देखकर घबरा गए। यहाँ कुछ युवतियाँ सेल्फी ले रही थीं।

कवि कुमार ने कहा, ''यहाँ हम एक नागरिक के रूप में स्वच्छता अभियान में अपना योगदान करने आए हैं। यह हमारा कर्तव्य है और इसके लिए किसी रिकॉर्ड या प्रचार की आवश्यकता नहीं है। केवल नागरिक संस्थाएँ यह कार्य नहीं कर सकती हैं। हमें इस अभियान से स्वैच्छिक रूप से जुड़ना होगा।''

''अरी! इस फ्रेम के भीतर ही रहो, वर्ना तुम्हारी फोटो कट जाएगी।'' एक युवती ने कहा। ''तुम स्वयं कैमरे के बीच में आ रही हो, इसलिए दो-तीन लोग दब रहे हैं। किनारे का एंगल बना न यार।÷ सेल्फी ले रही युवती ने जवाब दिया।

इसके बाद सेल्फी का दौर शुरु हुआ। बीच में एक बुजुर्ग ने टिप्पणी की,

''क्या सेल्फी लेने के समय मुँह में विशेष मुद्रा बनाना आवश्यक है? सामान्य फोटो भी तो ली जा सकती है?''

एक बदमिजाज सी लड़की ने उत्तर दिया,

''यह नये जमाने का नया पैटर्न है अंकल। आप नहीं समझेंगे।''

तभी एक युवक मुस्कुराते हुए सेल्फीपोज धारी युवतियों के पास पहुंचा और उसने कहा,

''ये दादाजी ठीक कहते हैं। लाइए अपना फोन मुझे दीजिए, मैं आप लोगों की नॉर्मल फोटो खींच देता हूँ।''

उसकी मुस्कुराहट भरी भावाज का असर हुआ और युवती ने अपना सेलफोन उसकी ओर बढ़ाया।

एक युवक ने तो हद कर दी। वह कहीं से ब्लूटूथ स्पीकर ले आया और स्वच्छता पर एक गीत बजाने लगा।स्थिति को नियंत्रण से बाहर होते देख कवि कुमार ने घोषणा कर दी,

''इस अभियान में मोहल्लेवासी अपनी ओर से कुछ डस्टबिन खरीदना चाहते हैं। अतः इस अभियान से जुड़ने के लिए सहयोग राशि जमा करना अनिवार्य है।''

उनके ऐसा कहते ही नब्बे फीसदी भीड़ अपने आप छँट गई। बचे लोगों ने बिना प्रचार-प्रसार के नालियों की सफाई से लेकर गलियों में बारिश से बने छोटे गड्ढों को भरने का काम किया। छिटपुट बिखरे कागज के टुकड़े, पन्नियों को बड़े डस्टबिन में डाला गया। अभियान सफल होने पर कवि के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। (समाप्त)

## शब्द सामर्थ्य -157

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 156 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

## सू- दोकू क्र. 157

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.156 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## सामयिक कहानी

# मूर्ख का रिफाइन्ड रूप है आश्वासन

खबर पढ़कर
बानी मुग्ध होकर हँसते है;
फिर गजाधार से कहते हैं – ''देखो,
अक्सर अपने भाषण को लेकर
चर्चा में रहने वाले,
केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने,
एक बार फिर नेताओं को लेकर
जो बयान दिया है,
उसकी काफी चर्चा हो रही है।
कई लोगों ने, तो गजाधर!
आश्चर्य व्यक्त किया है।
गडकरी जी ने कहा है –
''जो लोगों को,
सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है,
वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है।''
गजाधर! उनके ऐसे कथन पर
क्या कहता है आपका मन?
गजाधर मुस्कराए बोले– ''बनी!
गडकरी जी ने सीधे सीधे,
साफ-साफ कह दिया है।
वैसे नेताओं द्वारा जनता को
मूर्ख बनाने का, मालूम बानी!
रिफाइन्ड रूप है–'आश्वासन'।
हम नेता के पास
अपनी समस्या लेकर जाते हैं,
और आश्वासन लेकर आते है।
यह तो बाद में पता चलता है कि
भैयाजी ने आश्वासन देकर
हमें खुश नहीं किया है
बल्कि हमें अप्रेल फूल,
यानी मूर्ख बना दिया हैं।''



गिरीश बख्शी

## बाल गीत


# ॥ गाँव सुग्घर गढ़ लव रे॥

महर-महर माटी ममहावय, गाँव ला सुग्घर गढ़ लव रे।
माथ धर लव गांव के धुर्रा, पाँव ला सुग्घर पर लव रे।।
माटी कभू न होय अबोला, आखिर समाथे इहि मा चोला।
मन के बानी जनईया बेटा, बिन लिखे ला पढ़ लव रे।।
करू कसैला काँव-काँव ला, गाँव निकाला कर दव रे।।
उभरौनी के बनखरहा ला, जरमू ले अब खन दव रे।।
धुर्रा धर आइन जऊन शहर ले, धोवाही सबो मइल हा।
उन पाँव ला नेवता दे दव, पनघट ला घलो कहिदव रे।।
झन बिछलय पाँव तेकर ले, लिपे गोबर कर लव रे।
शहर समाये झन गाँव मा, पाँव ला जबर कर लव रे।।
मृग तिषना के लगे दाँव मा, तिपे भोंभरा के जरे पाँव मा।
सपना टूटे नासूर घाव मा, दवा बूटी मरहम कर दव रे।।
हावय अगोरा अमरईया ला, पाँव अपन थिरइ लव रे।
नाँव झन बुते पंथी पंडवानी, करमा ददरिया गइ लव रे।
लहुट आवत शहर नगर, लोटा भर पानी के आस मा।
बुता जाही रे प्यास भूख, चटनी बासी खवइ लव रे।।
झन दुरिहावव सुरहिन गइया, अंगना पबरित कर लव रे।
काजर बनही नजर ढीठ बर,
तुलसी मा दीया कर लव रे।।
रीत-नीत के थाती गाँव बर,
गोधूर के परघाती पाँव बर।
पाँव झन माढ़े खाँव-खाँव के,
गाँव एका सुमत कर लव रे।।



रोशन साहू ''मोखला''
(राजनांदगांव)
7999840942

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी, आपके साथ कुछ नए क्लाइंट भी जुड़ेंगे। आज आपके घर में नन्हे मेहमान का आगमन होगा, जिससे आपके दाम्पत्य जीवन में जिम्मेदारी आएगी। इस राशि के सरकारी नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को आज प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आपको व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप किसी मुद्दे के ऊपर जीवनसाथी से सलाह ङ्क मशवरा कर सकते हैं। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है, आप सारी तैयारी अच्छे से कर लें। आज किसी कोर्ट ङ्क कचहरी के मामले में आपको जीत मिलेगी, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, जिसमें आपको अच्छा लाभ होगा। आज आप माता ङ्क पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप घर - परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे और आपको कहीं से अटके हुए धन की प्राप्ति होगी।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप व्यापार को और बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे, जिसके लिए आप ऑफिस में मीटिंग कर सकते हैं। आज आप अपने खान-पान को लेकर डाइट प्लान तैयार कर सकते हैं। इस राशि के विद्यार्थियों को आज इंटरव्यू या करियर से संबंधित क्षेत्र में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी, आप किसी बड़ी डील को फ़ाइनल कर सकते हैं। आज ऑफिस में आपके काम को लेकर तारीफ होगी और बॉस आपके प्रमोशन की बात कर सकते हैं। इस राशि की महिलाएं घर से ही किसी काम की शुरुआत कर सकती हैं, जिसमें परिवार का पूरा साथ मिलेगा।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप रुके हुए कार्यों को पूरा करेंगे, जिससे आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। आज आप किसी भी निर्णय को लेने से पहले अच्छे से सोच ङ्क विचार कर लें, जिससे बाद में कोई पछतावा न हो। इस राशि के लेखक आज किसी अच्छी कविता को लिखने का मन सकते हैं। आज आपके वैवाहिक जीवन में ढेरों खुशियां आएंगी, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। इस राशि के जो व्यक्ति विदेश जाने का मन बना रहे थे, आज आपको किसी से मदद मिलेगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से आपको प्रसन्नता मिलेगी।



**वृश्चिक**

आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद से अपने कार्यों को पूरा करने में समर्थ रहेंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज ऑफिस में बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में आप अच्छा लाभ कमायेंगे। इस राशि के सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्ति सामाजिक हित के लिए किसी विशेष मुद्दे को उठा सकते हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी और व्यापार में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आप व्यापारिक लेन ङ्क देन में सारी चीजें अच्छे से चेक करें और कर्मचारियों के साथ अच्छे से व्यवहार करें। आज आपको पैतृक सम्पत्ति का लाभ मिलेगा, जिससे आपके बहुत से अटके काम पूरे होंगे। आज आप अपने कार्यक्षेत्र में बदलाव कर सकते हैं , जिसका लाभ आपको बहुत जल्द मिलेगा।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने सपनों को पूरा करने में काफी हद तक सफल रहेंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में नयी जिम्मेदारियां आएंगी, जिसे आप बखूबी निभायेंगे। आज आपको किसी व्यक्ति की मदद करने का मौका मिलेगा, जिसे आप नजरंदाज न करें। आज आप भाई ङ्क बहनों के साथ मार्केट शॉपिंग करने जा सकते हैं और आप उन्हें कुछ गिफ्ट भी दिलायेंगे।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज आपके जमीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रगति की ओर बढ़ेंगे। आज आप किसी मामले में घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह ले सकते हैं, जिससे वो आसानी से सुलझ जायेगा। आज आप अपनी माता जी की किसी इच्छा को पूरा करने में सफल होंगे।

# ताबड़तोड़ चला बुलडोजर, अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन मोड में प्रशासन, ठेले-खोमचे उजड़े, बड़े दुकानदार बच निकले?

खैरागढ़ (दावा)। वर्षों से सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर फैले अतिक्रमण के खिलाफ शनिवार को राजस्व विभाग और नगरीय प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ बुलडोजर चलाई। दोपहर बाद शहर के टेम्पो चौक से शुरू हुए इस अभियान में बुलडोजर की गड़गड़ाहट ने माहौल गरमा दिया। ठेले, शेड और अवैध निर्माण ताश के पत्तों की तरह जमींदोज कर दिए गए। कार्रवाई का नेतृत्व एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने किया। उनके साथ तहसीलदार आशीष देवहारी, मुख्य नप अधिकारी कोमल ठाकुर, थाना प्रभारी अनिल शर्मा, यातायात प्रभारी शक्ति सिंह सहित राजस्व व पुलिस अमला मौजूद रहा।



तास के पत्ते की तरह ठेले खोमचे, शेड और अवैध निर्माण जमींदोज कर दिए गए

### गरीबों की आशियानों पर चला बुलडोजर, रसुखदारों की चांदी, प्रशासन पर लगाया पक्षपात का आरोप

पदुमलाल पन्नालाल बक्शी स्कूल के सामने कपड़ों की दुकान, मोमोज व सेंट्रो ठेले तुरंत हटवा दिए गए। छोटे दुकानदारों ने आरोप लगाया कि उन्हें बिना समय दिए दुकानें खाली करवाई गईं, जबकि पुराने बस स्टैंड व लांजी मोड़ के डेंजर जोन में फल और गुपचुप ठेलों को सिर्फ समझाइश देकर छोड़ दिया गया। जैसे ही अधिकारी आगे बढ़े, वहां के ठेले वाले फिर दुकानदारी करने लगे। इससे नाराज दुकानदारों ने प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया।

### बड़ी दुकानों पर सवाल, समझाईश देकर छोड़ी गई

शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग राजीव चौक से लेकर मस्जिद चौक, गोलबाजार और बक्शी मार्ग पर कई दुकानदार नालियों पर सीढ़ियां बनाकर टीन शेड आगे तक निकाल चुके हैं। पार्किंग की जगह तक नहीं छोड़ी गई, जिससे राहगीरों को बड़ी परेशानी होती है। छोटे ठेलेवालों पर बुलडोजर चला, लेकिन इन स्थायी कब्जों पर सिर्फ समझाइश देकर छोड़ दिया गया। यही वजह है कि छोटे व्यापारियों का गुस्सा और बढ़ गया है।

### यह अभियान जारी रहेगा-एसडीएम

एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि बार-बार चेतावनी और नोटिस देने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया, इसलिए कार्रवाई करनी पड़ी। यह अभियान एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि हर महीने दो बार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी। गुजराती होटल के सामने लग रहा अस्थायी सब्जी बाजार भी अगले चरण में हटाया जाएगा।

### स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया

स्थानीय लोगों ने प्रशासन की पहल का स्वागत किया, लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठाया कि अगर कार्रवाई समान रूप से नहीं की गई तो इसका असर कमज़ोर होगा। छोटे दुकानदारों का कहना है कि ''हमारी रोजी-रोटी पर बुलडोजर चला दिया, जबकि बड़े दुकानदारों को सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

# ग्राम कोहका में भी शराबबंदी का ऐलान

## पुलिस की अनदेखी और गांव के बिगड़ते माहौल के चलते लिया गया निर्णय



डोंगरगांव (दावा)। नशा चाहे शराब का हो या किसी अन्य नशीले पदार्थों का हमेशा नुकसानदायक ही है। पहले स्वयं का स्वास्थ्य, फिर घर का माहौल बिगड़ता है और यही नशा जब लत बन जाता है तो मोहल्ला और पूरा गांव इसकी चपेट में आकर बर्बाद होना शुरू हो जाता है, जिसमें खासकर युवा वर्ग का भविष्य दांव पर लग जाता है. इसके साथ ही महिलाओं को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इन्हीं सभी बातों को ध्यान में रखते हुए ग्राम कोहका में भी सामूहिक निर्णय लेते हुए ग्रामीणों ने शराब पीने पिलाने और बेचने पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है। इसके पूर्व भी कुछ ग्रामों में शराबबंदी की गई है और अब जागरूकता के चलते यह सिलसिला प्रारंभ हो गया है.

बता दे की डोंगरगांव शराबभट्टी होने से कोहका, कन्हारपुर, बेंदरकट्टा सहित आसपास के शराबियों का जमावड़ा कोहका में हमेशा लगा रहता था। जिसके चलते पूरे गांव का माहौल आए दिन बिगड़ रहा था और लड़ाई, झगड़ा, मारपीट, गाली गलौज तक की स्थिति प्रतिदिन बनती थी, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था. इसके साथ ही बच्चों में भी बुरा प्रभाव पड़ना शुरू हो गया था। ग्रामीणों के अनुसार कोचियों द्वारा शराब बेचने के विरुद्ध गांव वालों के द्वारा अनेक बार 112 सहित थाने में आवेदन शिकायत करने के बाद भी लगाम नहीं लगाया गया तथा पुलिस और प्रशासन निष्क्रियता के चलते ग्रामीणों ने 1 सितंबर 2025 सोमवार को पूर्ण शराबबंदी की घोषणा कर दी। ग्रामीणों ने गांव के शीतला मंदिर में बैठक आयोजित कर कड़े रूप में शराबबंदी की घोषणा की और शराब के पीने पिलाने और बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है. इसके साथ ही गांव के जो लड़के शराब बेचने का काम करते थे, उन्हें भी दंडित कर लिखित में माफीनामा लेते हुए मां शीतला के सामने शराब न बेचने की कसम खिलाई गई। ग्राम सरपंच ग्राम पटेल मुखिया जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा इस बैठक में शामिल हुए और एक स्वर में शराबबंदी की घोषणा कर दी. यह सराहनीय और सकारात्मक कदम साबित हो रहा है, जिससे गांव का वातावरण स्वच्छ और शांति प्रिय होगा.

# पहला कॉलम...

## एलआईसी के स्थापना दिवस पर फल वितरण

डोंगरगांव (दावा)। एलआईसी स्थापना दिवस पर भारतीय जीवन बीमा की 69 वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर एलआईसी एजेंट व अधिकारियों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल एवं बिस्किट का वितरण किया गया। वहीं सभी मरीजों की उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस दौरान एलआईसी अभिकर्ता प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष नरेश साहू के नेतृत्व में अभिकर्ता महेश्वर साहू, राजकुमार यदु, डॉ.प्रेमदास साहू, मुरलीधर साहू, पंचराम साहू, कमलनारायण साहू, मोहन साहू, चेतन साहू, बीएमओ रागिनी चन्द्रे सहित सामुदायिक स्वास्थ्य के स्टाफ मौजूद रहे।



## आज हरडुवा में मोर मयारु संगी सांस्कृतिक कार्यक्रम

घुमका (दावा)। ग्राम हरडुवा में नवदीप गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में 2 सितम्बर 2025 दिन मंगलवार को मोर मयारु संगी सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के रोहित वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवदीप गणेश उत्सव समिति द्वारा यह कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। समिति के प्रितम सिन्हा, गौरव साहू, लाभा सेन, तोषण सिन्हा, नीतू सेन, केशव वर्मा, राजा लिल्हारे, नंदकुमार सिन्हा, योगेश वर्मा, शुभम सिन्हा, तुलसी वर्मा, निखिल सेन, तोमेश्वर वर्मा, भेलु नेताम, हुपेन्द्र साहू, किशन साहू, सागर सेन, सुरेन्द्र यादव, संगम सेन, ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गणेश उत्सव के कार्यक्रम एवं मोर मयारु संगी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है।

## रवि शण्डे को को किया गया जिला बदर

डोंगरगढ़ (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने भीमनगर वार्ड क्रमांक 9 कालकापारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव निवासी रवि शण्डे को आपराधिक गतिविधियों का अन्य कानूनी प्रावधानों से रोकथाम नहीं होने तथा अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पडने की संभावना को ध्यान में रखते हुए आगामी 6 माह के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी तथा महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया एवं बालाघाट जिला की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। रवि शण्डे को एक सप्ताह के भीतर जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं 28 फरवरी 2026 के पहले प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिया गया है। आदेश का पालन नहीं करने पर बलपूर्वक जिलों की सीमाओं से बाहर निकाल दिया जाएगा, यदि इसके बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## डोम्हाटोला के डोगेंद्र साहू को मिला एमबीबीएस में प्रवेश, विधायक श्रीमती बघेल ने दी बधाई



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोम्हाटोला के निवासी रेखालाल साहू के सुपुत्र डोगेंद्र साहू ने अपनी मेहनत और लगन से एमबीबीएस प्रवेश की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।विधायक श्रीमती बघेल ने डोगेंद्र के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

उन्होंने डोगेंद्र को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि डोगेंद्र ने न सिर्फ अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे डोंगरगढ़ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने डोगेंद्र की सफलता पर खुशी जाहिर की। डोगेंद्र साहू ने विधायक और सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे अपनी पढ़ाई पूरी कर लोगों की सेवा करना चाहते हैं। उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर हेमंत वैष्णव,नूतन साहू,केदार साहू,अजय वर्मा (बुंदेलीकला),भागवत वर्मा (रेंगा कठेरा),प्रमोद वर्मा,गंभीर साहू,डीलेश पारधी ,मनहरण निर्मलकर ,कुलेश्वर साहू,मोहन वर्मा,धनेश्वर साहू व हेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# शहर अंधेरे में डूबा, अपराधियों को मिल रहा संरक्षण, मनराखन देवांगन का आरोप





खैरागढ़ (दावा)। शहर को अंधेरे में रखकर अपराधियों को खुली छूट दी जा रही है, यह तीखा आरोप मिशन संडे के संयोजक मनराखन देवांगन ने रविवार देर रात किया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि जानबूझकर खामोश बैठे हैं, जिससे चोर-लुटेरों का मनोबल बढ़ा हुआ है और आम जनता असुरक्षा के अंधेरे में जीने को मजबूर है।

वार्डों का किया निरीक्षण, मिशन संडे टीम ने मिशन संडे की टीम ने वार्डों का निरीक्षण कर यह पाया कि दाऊचौरा, कलेक्टर ऑफिस, राजफैमिली गंजीपारा चौक, ठाकुरपारा, शीतला मंदिर, बरेठपारा, दंतेश्वरी मंदिर, जयस्तंभ चौक, कुशियारी चौक समेत दर्जनों स्थानों की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई हैं। मनराखन देवांगन ने कहा जहां लाइट लगी है वहीं बंद है, यह जनता को डर और अपराधियों को राहत देने की साजिश है।

### हाईमास्क लाइट बंद, लाखों खर्च कर लगाए नगरीय प्रशासन ने

उन्होंने आरोप लगाया कि 19 लाख रुपये खर्च कर लगाए गए है लाईट, हाई मास्क बेकार पड़े हैं। नगर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक जो नगर के सबसे व्यस्त इलाका है और दंतेश्वरी मंदिर के सामने की लाइट तक बंद है। गणेश उत्सव जैसे पावन पर्व में जब हर गली-मोहल्ले में भगवान विराजे हैं तब अंधेरे में महिलाएं और बच्चे खतरे में निकल रहे हैं।

### पालिका अध्यक्ष भतीजे के साथ मिलकर छीन रही गरीबों का हक

मनराखन देवांगन ने साफ कहा कि लाइट लगाने का ठेका नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर के भतीजे अमित चंद्राकर को दिया गया था, जो पहले भी नाली निर्माण में भ्रष्टाचार में उजागर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पालिका अध्यक्ष अपने भतीजे के साथ मिलकर गरीबों का हक छीन रही हैं। जनता को मूलभूत सुविधा से वंचित किया जा रहा है। भाजपा की सरकार और नगर पालिका भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। गिरिजा चंद्राकर को साबित करना चाहिए कि क्या यही उनकी पार्टी का असली चेहरा है। निरीक्षण के दौरान अरुण भारद्वाज, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, रविंद्र सिंह गहरवार, पुरन सारथी, भरत चंद्राकर, शेखर दास वैष्णव, गिरधर सिंह राजपूत, महेश यादव, भूपेंद्र वर्मा, सूर्यकांत यादव, यतेंद्र जीत सिंह, राजा सोलंकी, रत्नेश सारथी, हरिदर्शन ढीमर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रशासन को एक माह का अल्टीमेटम

मनराखन देवांगन ने प्रशासन को एक महीने का अल्टीमेटम देते हुए चेताया कि यदि लाइट व्यवस्था और मैदान-लालपुर जैसे मुद्दों पर काम नहीं हुआ तो मिशन संडे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा शहर की बिगड़ी दशा की सबसे बड़ी जिम्मेदार नगर पालिका अध्यक्ष हैं। यह अंधेरा जनता की आंखों में मिर्ची झोंकने जैसा है।

# जंगलेसर मे पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी शंकर गिरी गोस्वामी ने साइबर जागरूकता अभियान मे ग्रामीणों को दी जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस चौकी सुरगी द्वारा ग्राम जंगलेसर में नवा बिहान साइबर जागरूकता अभियान जिला पुलिस राजनांदगांव के निर्देशन में टीम द्वारा साइबर जागरूकता को लेकर लगातार व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 30 अगस्त 2025 को ग्राम पंचायत जंगलेसर में पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी, देवल साहू सरपंच प्रतिनिधि व भाजपा पश्चिम मंडल मीडिया प्रभारी एवं पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति में साइबर जागरूकता का कार्यक्रम आयोजन मे साइबर से संबंधित पूर्ण जानकारी दी गई। स्कुल/कॉलेज के छात्र छात्राओं को इंटरनेट की सुरक्षित उपयोगिता और साइबर अपराधों से बचाव के गुर सिखाए। जिसमें बताया गया कि सोशल मीडिया जितना उपयोगी है, उतना ही सतर्कता भी जरूरी है।अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, निजी फोटो वीडियो साझा न करने और व्यक्तिगत जानकारी किसी भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर साझा करने से बचने की सलाह दी गई।

सोशल मीडिया प्रोफाइल की क्लोनिंग कर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों की सक्रियता के उदाहरण को समझाए गए। व्हाट्सएप व अन्य शोसल साईट पर पर टू स्टेप वेरिफिकेशन को अनिवार्य रूप से एक्टिव रखने की सलाह देते हुए बताया कि यह सुरक्षा की पहली दीवार है, जिससे किसी अन्य को आपके अकाउंट का गलत उपयोग करने से रोका जा सकता है, साइबर ठग अनजान लिंक, फर्जी ईमेल और पेमेंट ऐप्स के माध्यम से धोखाधड़ी करते हैं। इसलिए किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अज्ञात स्रोत से आए बार कोड या लिंक को स्कैन या टच न करें। ऑनलाइन पेमेंट करते समय कभी भी अपनी क्यू आर कोड, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। गेमिंग ऐप्स के ज़रिए हो रहे मानसिक शोषण, आर्थिक ठगी और बच्चों को हिंसक प्रवृत्तियों में ढकेलने वाले ऑनलाइन गेम्स के खतरे के बारे में बताया गया साथ ही फ्री रिवॉर्ड, लेवल पास करने के नाम पर डेबिट, क्रेडिट कार्ड की जानकारी मांगने वाले गेम्स से दूर रहने की सलाह दी और ये जानकारियां अपने आसपास, परिचितों तक भी पहुंचाएं।आज के समय में जब हर व्यक्ति इंटरनेट और मोबाइल से जुड़ा है, ऐसे मे सतर्कता व जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, किसी भी तरह का साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करे।

# भंते धम्म तप की अगुवाई में डोंगरगढ़ में निकाली गई, भव्य शांति मशाल यात्रा



डोंगरगढ़ (दावा)। महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को लेकर आज सोमवार 1 सितंबर 2025 को नागसेन बुद्ध विहार से तहसील कार्यालय तक पूज्य भदंत धम्मतप जी के नेतृत्व में भव्य शांति मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नागसेन बुद्ध विहार एवं अन्य सभी वार्ड के बौद्ध उपासक-उपासिकाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। रैली में उपस्थित बौद्ध उपासक-उपासिकाओं ने महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को सफल बनाने को लेकर संकल्प लिया। तहसील कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय कार्यालय में उपस्थित तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु को ज्ञापन सौंपा गया।

## गणपति बप्पा....



**डोंगरगढ़/बेलगांव( दावा )। शिव शंकर बाल गणेश उत्सव समिति द्वारा के रानीगंज रोड वार्ड नं 03 में विराजित गणपति बप्पा।**

# मुरमुंदा में दही-हाण्डी लूट कार्यक्रम दौरान शांति भंग करने 5 लोगों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**o शराब के नशे में वाहन चलाकर परेशान करने वाले 2 चालकों हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही**

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत् में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है और लगातार इस अभियान के तहत बदमाशों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर रही है। कल 31 अगस्त 2025 को संध्या समय में ग्राम मुरमुंदा दही-हाण्डी लूट के कार्यक्रम में शांति व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था हेतु डोंगरगढ़ पुलिस एवं जिला के अन्य थाना एवं कार्यालय के पुलिस अधि./कर्मचारियों का ड्यूटी वरिष्ठ कार्यालय से लगाई गई थी। ग्राम मुरमुंदा में ग्रामवासियों एवं बाहर से आये अन्य लोगों द्वारा शांति पुर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ जुलूस एवं दही लूट का कार्यक्रम मना रहे थे। कि शांति व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था ड्यूटी दौरान नशे के हालत में मोटर सायकल चलाकर लोगों को परेशान कर शांति भंग करने पर 01. नेम कुमार कदम उर्फ गुलशन पिता उमेश कदम उम्र- 24 साल निवासी मुड़पार थाना डोंगरगढ़ एवं 02. भीम राव कंवर पिता कुंजन कंवर उम्र- 23 साल निवासी बम्हनीभांठा थाना डोंगरगांव के विरूद्ध धारा- 185 एमव्हीएक्ट एवं धारा- 170, 125, 135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही किया गया एवं आम जनता को परेशान कर वाद-विवाद कर मारने-पीटने पर उतारू होकर शांति भंग करने वाले संजय कंवर पिता दिलबहार कंवर उम्र- 24 साल निवासी ग्राम राका, महेन्द्र बंजारे पिता बीपत बंजारे उम्र- 32 साल निवासी ग्राम मुरमुंदा एवं दिलीप मण्डावी पिता शत्रुहन मण्डावी उम्र- 24 साल निवासी ग्राम बोरसी थाना बेरला के विरूद्ध धारा- 170/126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर एसडीएम के समक्ष उचित कार्यवाही हेतु पेश किया गया है।



# अवैध रूप से गांजा बिक्री व परिवहन करने का मामला आरोपीगणों को एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास व दस-दस हजार रूपये का अर्थदंड

राजनांदगांव(दावा)। न्यायालय माननीय विशेष न्यायाधीश (एनडीमीएस एक्ट), राजनांदगाँव पीठासीन न्यायाधीश 'डी.आर. देवाँगन' द्वारा विचारण उपरान्त अवैध रूप से गांजा बिक्री व परिहन करने के मामले में फैसला सुनाते हुए अभियुक्तगण के विरूद्ध आरोप साबित पायें जाने पर अभियुक्तगण प्रेम ठाकुर आ. विजय ठाकुर, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्रीन चौंक स्टेशन रोड, ओव्हर ब्रिज के नीचे, दुर्ग, सोनू दास मानिकपुरी पिता चतुर दास मानिकपुरी, उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 13. तुलाराम स्कूल के पीछे, मोहन नगर दुर्ग, थाना मोहन नगर दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं राजकुमार उर्फ मटका पिता रामसिंग देशलहरे, उम्र 22 वर्ष, निवासी सिकोलाभाठा, दुर्ग, थाना मोहन नगर दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.) को धारा 20 (ख) (द्वद्व) (ख) स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अधीन 01-01 (एक-एक) वर्ष का सश्रम कारावास तथा 10,000-10,000 रूपये (दस-दस हजार रूपये) का अर्थदंड तथा अर्थदंड अदा न किये जाने की दशा में 06-06 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगताये जाने का दण्डादेश पारित किया गया।

मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस एक्ट) राजनांदगाँव महेश वर्मा ने बताया कि, दिनाँक 02.12.2019 को थाना घुमका को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि. ग्राम छोटे बिरेझर में ग्राम कोटवार के घर के पास हीरो मोटर सायकल एच.एफ डिलक्स में तीन लड़के अपने पास काला कलर के दो बैग एवं एक कपड़े के थैला में गांजा रखकर बिक्री के लिये ग्राहक तलाश कर रहे हैं।

उक्त सूचना के आधार पर एनडीपीएस के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करते हुये थाना घुमका के पुलिस बल मौका रवाना हुये तथा मुखबीर के बताये सूचना के आधार पर मौक पहुंचकर घेराबंदी कर हीरो मोटर सायकल।

एच.एफ. डिलक्स में तीनों लड़कों को पकड़ा गया, जिसमें से एक के पास काला कलर का पिट्ठू बैग, दूसरे के पास भी काला पिट्ठू बैग एवं तीसरे लड़के के पास एक लाल पीले रंग का कपड़े का थैला मिला। उक्त लड़कों ने अपना नाम प्रेम ठाकुर, सोनूदास मानिकपुरी एवं राजकुमार उर्फ मटका बताया। नारकोटिक्स एक्ट के प्रावधानों के तहत् विधिवत् कार्यवाही करते हुये आरोपीगणों के कब्जे से कुल 03 किलो 855 ग्राम गांजा कीमती 25,520 (पच्चीस हजार पांच सौ बीस रूपये) रूपये बरामद कर जप्त किया गया। आरोपीगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा संपूर्ण जांच उपरान्त अभियोग पत्र विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

# राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेके लाल तथा दिलीप वैष्णव बने जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ने की घोषणा


अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने छुई खदान राज घराना रानी मंदिर के पुजारी छोटे राजा लाल जीके वैष्णव को नियुक्त किया गया

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी ने अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छुई खदान राज घराना रानी मंदिर के पुजारी छोटे राजा लाल जीके वैष्णव को नियुक्त किया तथा राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष हेतु दिलीप दास वैष्णव किला मंदिर राजमहल राजा दिग्विजय दास के खानदानी पुरोहित को बनाया गया।

बधाई देने वालों मेंवालों में डोंगरगढ़ बजरंगबली मंदिर के महाराज चंदन दास जी हनुमान मंदिर राजनांदगांव के महाराज डोमन दास पांडाडह बड़े जमात मंदिर पुजारी रिंकू दास मध्य प्रदेश बालाघाट लांजी राम मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नारायण दास कृष्ण मंदिर के पुजारी मनीष दास जी महावीर मंदिर के पुजारी हालदार दास ने तथा सामाजिक बंधु एलडी निर्मोही राकेश दास वैष्णव संजय वैष्णव अनूप दास वैष्णव शिव वैष्णव कृष्ण कुमार वैष्णव जितेंद्र वैष्णव सतीश वैष्णव मनोज निर्वाणी बाबा वैष्णो ज्ञानी वैष्णव रोहित वैष्णव धर्म वैष्णव अमर वैष्णो संजीत वैष्णव राजकुमार वैष्णव सोनेट निर्वाणी राम वैष्णव विष्णु वैष्णव निधि वैष्णव शिव मंदिर ज्ञानेश्वर दास वैष्णव पार्टी खुर्द शिव मंदिर शर्मा महाराज जगन्नाथ मंदिर जितेंद्र झा दिग्विजय कॉलेज गणेश मंदिर शेखर दुबे दुर्गा मंदिर राम जी विश्वास राम मंदिर बलदेव बाग वैभव निर्वाणी बाला बाबा मंदिर महेंद्र वैष्णव राजा जमात मंदिर संतोष वैष्णव आदि ने शुभकामनाएं

# माह अगस्त में सेवानिवृत्त हो रहे मंडल रेल परिवार के 17 सदस्यों को दी गई भावभीनी विदाई

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत् 17 रेल परिवार के सदस्य माह अगस्त 2025 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मंडल सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे समस्त कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई।



सेवा निवृत्ति के दिन ही कर्मचारियों को उनके सेटलमेंट की संपूर्ण राशि का भुगतान करने की अपनी गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए आज मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में माह अगस्त में सेवानिवृत्त हो रहे मंडल के कुल 17 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति की राशि के रुप में कुल 7,64,48,360 रूपए की राशि प्रदान की। इसके साथ ही इन कर्मचारियों को परिचय पत्रए एफआईसी कार्ड, केलकुलेशन शीट, सेवा प्रमाणपत्र, पीपीओए समरी शीट, सेवा. पुस्तिका का प्रथम पेज एंव रजत सेवा पदक भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके स्वास्थ्यए सुखद तथा सुदीर्घ जीवन के लिये शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा काल के दौरान जो सपने शेष रह गए थे। इस राशि के समुचित उपयोग से आप उन सपनों को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सेवानिवृत्त कर्मचारीगण रेल परिवार का हिस्सा बने रहेंगे एवं सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करेंगे तथा उनके परिवार मे सभी सदस्य खुश रहें ऐसी शुभकामनाएं देते हुए सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिए निर्धारित योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उदय कुमार भारती, वरिष्ठ मंडल वित्तीय प्रबंधक बी.श्रीधर, मंडल कार्मिक अधिकारी स्वेता एच के छोरिया सहित अन्य रेल अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पूर्व सैनिकों का संघ परिचय वर्ग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 31 अगस्त 2025 को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ का संघ का परिचय वर्ग कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए पूर्व सैनिकों को मिलाकर कुल 256 पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में संघ की विचारधारा एवं संघ के माध्यम से देश एवं समाज की सेवा पर ध्यान केंद्रित किया गया। संघ के प्रांत संघचालक डॉक्टर टोप लाल वर्मा, (सेवानिवृत प्रोफेसर छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर) ने संघ के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। जिसे सभी पूर्व सैनिकों ने ध्यानपूर्वक सुना और चिंतन किया। तथा संघ की विचारधारा को सराहनीय समाज सेवा बताया। समस्त उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं जिला तथा राज्य पदाधिकारी को कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु कर्नल डॉक्टर हरीन्द्र त्रिपाठी, प्रांतीय अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ में धन्यवाद ज्ञापित एवं आभार व्यक्त किया है।

# डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब की शुरुआत, जनजातीय गांवों को मिलेगा 'आदि कर्मयोगी अभियान' से नया दिशा

मोहला (दावा)। जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए एक नई पहल की शुरुआत करते हुए, जनपद पंचायत मोहला के सभागार में गत दिवस डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब का उद्घाटन किया गया।

इस लैब की शुरुआत 'आदि कर्मयोगी अभियान' के तहत की गई, जो जनजातीय गांवों में शासकीय योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई को शुरू किया गया था। यह अभियान बहुविभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है, जो रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस के सिद्धांतों पर काम करेगा। 'जो सेवा, समर्पण और संकल्प' के मूलमंत्र को लेकर चल रहे इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्र में समग्र विकास लाना है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन में यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला 28 अगस्त से 30 अगस्त तक आयोजित की जा रही है। जिले के लिए सीईओ जिला पंचायत को जिला नोडल अधिकारी और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इस अभियान के तहत जिले के 245 ग्रामों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक ग्राम में आदि सेवा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे, जो विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।



आदि कर्मयोगी अभियान का लक्ष्य केवल योजनाओं को लागू करना नहीं, बल्कि जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा में शामिल करते हुए उनके विकास की दिशा को नया मोड़ देना है। जिलाधीश द्वारा इस अभियान के अंतर्गत 245 ग्रामों के विकास के लिए विजन 2030 के अनुरूप योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई है। प्रोसेस लैब में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मास्टर ट्रेनर्स को 'आदि सहयोगी' के नाम से संबोधित किया गया है, और लैब स्थल को 'आदि संवाद स्थल' के रूप में मान्यता दी गई है। इस प्रशिक्षण में जिला स्तरीय और विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया और उन्हें इस अभियान के उद्देश्यों, प्रक्रियाओं और योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह पहल 'सबका साथ-सबका विकास' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे जनजातीय क्षेत्रों में विकास की नई दिशा स्थापित होगी।

# एग्रीस्टेक पोर्टल में 1 लाख 17 हजार 512 किसानों ने कराया कृषक पंजीयन


लगभग 94 प्रतिशत किसानों ने कराया पंजीयन
जिले में मिशन मोड में कृषक पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए एग्रीस्टेक के तहत कृषक पंजीयन हेतु राजस्व, कृषि एवं सहकारी विभाग को निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में आज कृषक पंजीयन के अंतिम दिवस जिले के लगभग 94 प्रतिशत किसानों ने कृषक पंजीयन करा लिया है। कुल 1 लाख 17 हजार 512 किसानों ने एग्रीस्टेक के अंतर्गत कृषक पंजीयन कराया है। जिले में कृषि विभाग द्वारा मिशन मोड में कृषक पंजीयन के लिए कृषक जोड़ों अभियान चलाया गया था।

जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत कृषक पंजीयन के लिए कृषक जोड़ों अभियान के तहत लगातार कृषकों का पंजीयन कराने के लिए जागरूक किया गया। छूटे हुए किसानों का पंजीयन कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए पाम्प्लेट, पोस्टर के माध्यम से भी जानकारी दी गई।

शेष किसानों का पंजीयन तकनीकी दिक्कतों का कारण नहीं हो सका है। जिसमें फार्मर रजिस्ट्री वेबपोर्टल में अपलोड डाटा वर्तमान में राजस्व रिकार्ड के डाटा जैसे क्रय-विक्रय, फौती नामांतरण, बंटवारा नामांतरण के पश्चात् एंट्री, भूमि स्वामी के नाम का मिलान नहीं होने, महिला कृषकों के जमीन रिकार्ड में पिता का नाम एवं आधार कार्ड में पति का नाम दर्ज होने के कारण एवं अन्य तकनीकी कारणों से शेष कृषकों का पंजीयन नहीं हुआ है। शीघ्र ही छुटे हुए किसानों का पंजीयन भी हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि जिले में पूर्व वर्ष में धान बिक्री करने वाले किसानों की संख्या 1 लाख 25 हजार 610 है। जिसमें से 1 लाख 17 हजार 512 किसानों ने एग्रीस्टेक के अंतर्गत कृषक पंजीयन कराया है।

# कृषि विभाग द्वारा निजी उर्वरक विक्रेताओं के परिसर का किया आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में खरीफ वर्ष में उर्वरकों की आवक तथा समिति एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों के माध्यम से किसानों को नियमित रूप से रासायनिक उर्वरकों के भंडारण व वितरण के लिए लगातार निरीक्षण एवं स्टाक सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।



इसी कड़ी में कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा जिले के 7 निजी उर्वरक विक्रेताओं के परिसर में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें राजनांदगांव विकासखंड के दादाजी एग्री क्लीनिक गंज मंडी राजनांदगांव के परिसर में जांच की गई। जांच में पाया गया कि विक्रेता बिना अनुज्ञप्ति के उर्वरक का व्यवसाय कर रहे थे।

जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विक्रेता के परिसर को सील किया गया। डोंगरगांव विकासखंड के शीतल कृषि केन्द्र को नोटिस दिया गया तथा सिन्हा कृषि केन्द्र डोंगरगांव द्वारा उर्वरक का बिना मूल्य सूची एवं रिकार्ड संधारण के बिना ही उर्वरकों का व्यापार करते पाये जाने पर संबंधित विक्रेताओं का अनुज्ञप्ति निलंबित किया गया है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सहसपुर दल्ली के आशीर्वाद एग्रो एवं कबीर कृषि केन्द्र तथा सिद्धकी कुरैशी कृषि केन्द्र छुरिया को पंजी संधारण एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने के कारण उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने के कारण 21 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

# कार्यशाला में पोषण एवं महिला स्वास्थ्य पर दी जानकारी




**महिलाओं में अनेक शारीरिक व्याधियां का प्रमुख कारण आजकल का खानपान, फास्टफूड का उपयोग - डॉ. ई व्ही रेवती प्राचार्य**

डोंगरगढ़(दावा)। स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) योजना के तहत आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला के चतुर्थ दिवस 7 अगस्त को महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पर छात्राओं को जानकारी दी गई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में शासकीय महाविद्यालय, बलौदाबाजार महाविद्यालय की सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. श्रीमती वासु वर्मा उपस्थित थी। कार्यशाला का आरंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल एवं माल्यार्पण कर किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही.रेवती द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में कार्यशाला के विषय की संवदेनशीलता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में महिलाओं के साथ अनेक शारीरिक व्याधियां उत्पन्न हो रही है, जिसका प्रमुख कारण आजकल के खानपान, फास्टफूड आदि के साथ-साथ रहन सहन का परिवर्तित रूप भी है। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित मुख्य वक्ता डॉ. श्रीमती वासु वर्मा ने बताया कि जैसा खाये तन वैसा बने मन, इस बात को चरितार्थ करते हुए श्रीमती वासु वर्मा ने पोष्टिक आहार एवं संतुलित आहार ग्रहण करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। अंत में मुख्य वक्ता श्रीमती वर्मा का महाविद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यशाला के अंत में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ.आर.आर.कोचे ने आमंत्रित मुख्य वक्ता के साथ प्राचार्य एवं कार्यशाला में अहम योगदान देने वाले प्राध्यापक गौरव तिवारी, पूर्वेश बांधव तथा तूलिका चक्रवर्ती को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यशाला से लगभग 90 छात्राएं लाभांवित हुई।

## शेष प्रथम पेज का...

**0 पहलगाम अटैक आतंक का घिनौना रूप मोदी ने शाहबाज ....**

आतंकवाद किसी देश की सुरक्षा ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए साझा चुनौती है। कोई भी देश इससे खुद को सुरक्षित नहीं समझ सकता। पीएम मोदी ने चीन में हो रहे सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा- भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद का दंश झेल रहा है। हाल ही में, हमने पहलगाम में आतंकवाद का सबसे बुरा रूप देखा। मैं उस मित्र देश के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जो दुःख की इस घड़ी में हमारे साथ खड़ा रहा।

**0 किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी....**

1 लाख 85 हजार 136 बॉटल नैनो डीएपी वितरित किया जा चुका है।

14.62 लाख टन रासायनिक खाद का टारगेट

प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए भारत सरकार ने 14.62 लाख टन रासायनिक खाद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके विरुद्ध सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में 15.64 लाख टन का भंडारण कर लिया गया है। भंडारण के आधार पर किसानों को अब तक 13.19 लाख टन खाद वितरित किया गया है। यह व्यवस्था बताती है कि समितियों और निजी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं और किसानों को किसी तरह की कठिनाई नहीं होगी।

अब तक 98 प्रतिशत यूरिया किसानों तक पहुंची

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि खरीफ सीजन में किसानों को खाद की आपूर्ति उनकी समयबद्ध जरूरतों के अनुरूप प्राथमिकता से की जा रही है। अब तक निर्धारित लक्ष्य का 98 प्रतिशत यूरिया किसानों तक पहुँच चुका है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि किसानों को मौसम और फसल की आवश्यकताओं के अनुरूप पर्याप्त खाद की आपूर्ति लगातार जारी रहेगी और उनकी उपज सुरक्षित रहेगी।

इस संबंध में गत दिनों कृषि मंत्री रामविचार नेताम और राज्य के सांसदों ने भी केंद्रीय उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा से भेंट कर छत्तीसगढ़ के किसानों की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री साय के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार से लगातार संपर्क किया गया और किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त 60 हजार टन यूरिया का आबंटन स्वीकृत किया गया।

**0 फर्जी पासपोर्ट पर भारत में प्रवेश .....**

अर्थदंड के रूप में एक लाख रुपये से लेकर दस लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा।

यह कानून केंद्र सरकार को उन स्थानों पर नियंत्रण रखने का अधिकार देता है जहां किसी विदेशी का अक्सर आना-जाना होता है। साथ ही, उस स्थान विशेष के मालिक को परिसर बंद करने, निर्दिष्ट शर्तों के तहत इसके उपयोग की अनुमति देने, या सभी अथवा 'निर्दिष्ट वर्ग' के विदेशियों को प्रवेश देने से मना करने का भी अधिकार देता है।

यह विदेशियों और आव्रजन से संबंधित सभी मामलों को विनियमित करने वाला एक व्यापक कानून है जो अब तक चार अधिनियमों - पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920; विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम, 1939; विदेशी अधिनियम, 1946; और आव्रजन (वाहक दायित्व) अधिनियम, 2000 के माध्यम से प्रशासित होते थे। इन सभी कानूनों को निरस्त कर दिया गया है।

**0 'आपदाग्रस्त' घोषित, मणिमहेश के रास्ते में फंसे .....**

मुकेश अग्निहोत्री ने पहले दावा किया था कि 3,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है लेकिन मुख्यमंत्री ने 15,000 तीर्थयात्रियों में से 10,000 का आंकड़ा दिया। भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें आश्चर्य है कि कौन सा आंकड़ा सही है और चंबा में वास्तविक स्थिति क्या है। ठाकुर ने दावा किया, आज भी लगभग 500 तीर्थयात्री (पैदल नहीं चल सकते) भरमौर में फंसे हुए हैं।

उन्होंने सरकार से सड़कों को जोड़ने, प्रभावित लोगों को राशन उपलब्ध कराने और क्षेत्र में बिजली-पानी की आपूर्ति बहाल करने का आग्रह किया। सुक्खू ने स्पष्ट किया कि कुगती से चार अन्य लोगों के शव बरामद किये गये हैं, जिसके बाद 15 अगस्त से शुरू हुई मणिमहेश यात्रा में अब तक मरने वालों की संख्या 16 हो गई है। उन्होंने बताया कि शवों को वापस लाने के लिए 20 कुलियों की व्यवस्था की गई है। कुगती एक गांव है, जो मणिमहेश यात्रा के शुरुआती बिंदु हडसर और मणिमहेश झील के बीच 8,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। सुक्खू ने आपदा प्रभावित राज्य के लिए 20,000 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता शांता कुमार का आभार व्यक्त किया।

**0 मतदाता सूची का निरीक्षण कर कांग्रेस.....**

6.09 लाख मतदाता हैं। जिसमें 2.40 लाख मतदाताओं की जांच करने से 30 हजारा मतदाता फर्जी है। एक ही व्यक्ति दो से अधिक मरतबे वोट डालता है। नाम में सुधार कर, झूठा पता दर्शाकर, अलग-अलग भाषा में मतदाता का नाम लिख वोट चोरी कर रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने ऐसा भी आरोप लगाया है कि, केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी.आर.पाटील के मतदान क्षेत्र की नवसारी बैठक में सर्वाधिक वोट की चोरी हो रही है। इसी कारण, वे सबसे अधिक वोटों से जीत रहे हैं। ऐसा लगता है। इस बाबत, पाटील अनजान हों, यह बात गले नहीं उतर रही है। चावला ने आशंका व्यक्त की है कि, अगर चौरासी बैठक की गुजरात में पैटर्न लागू करने में आई हो तो गुजरात में 62 लाख से अधिक मतदाता संदेहास्पद, फर्जी और डुप्लीकेट हो, ऐसी आशंका है।

# प्रदेश स्तरीय सर्व यादव समाज ने शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव का भव्य अभिनंदन किया, पूरे प्रदेश से जुटे सामाजिक बंधु



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश स्तरीय सर्व यादव समाज के तत्वाधान में आयोजित यादव गौरव अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ के राजनीतिक में नई सोच और नई ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करने वाले नवगठित मंत्रीमंडल में शामिल शिक्षा, विधि, विधियां, एवं ग्रामोद्योग कार्य मंत्री दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव का समाज के लोगो ने भव्य स्वागत किया। मंत्री गजेन्द्र यादव के पंडित दीनदयाल आडिटोरियम पर पहुंचते ही जय यादव जय माधव के जयकारों से पूरा सभागार गूंज उठा और उपस्थित जनसमूह में भारी उत्साह का माहौल देखने को मिला। हजारों की संख्या में बस्तर, राजनांदगांव, कवर्धा, मुंगेली, धमतरी, सरगुजा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, जगदलपुर, गरियाबंद, महासमुंद आदि जिलों से यादव बंधु हजारों की संख्या में उपस्थित थे। उपहार स्वागत अभिनन्दन देखा कर मंत्री जी स्वीकार करते हुए भावुक हो उठे। उन्होंने समाज के प्रति आत्मीय संबंधों को दोहराते हुए कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा और रोजगार मे मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जायेंगे। शिक्षा और ग्रामोद्योग विभाग समाज के नवनिर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं और सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

समाज के गौरव मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को और बढा दिया था इस अवसर पर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, चिरमिरी के महापौर रामनरेश यादव, जिला पंचायत रायपुर के उपध्याक्ष संदीप यादव, प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, प्रदेश उपाध्यक्ष, हरीश यादव, समाज के संरक्षक कमलेश यादव, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सभा को संबोधित करते हुए समाज के उत्थान एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज को नई दिशा और नई ऊंचाई प्रदान कर सकती हैं,। उनके प्रेरणादायक शब्दों में उपस्थित जनसमूह में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। मंत्री यादव समाज की एकता और समारसता को छत्तीसगढ़ की पहचान बताया। मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा समाज की एकता और शिक्षा रोजगार पर प्रकाश डाला, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने सभा संबोधित करते सब से पहले मंत्री बनाने पर गजेन्द्र यादव को बधाई दी कहा कि यादव समाज की 35 लाख समाजजनों की एकता और संघर्ष का परिणाम है कि आज यादव समाज को मंत्रीमंडल प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के आह्वान पर पुरे प्रदेश से यादव समाज के पदाधिकारी गण विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में उपस्थित प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु आह्वान पर राजनांदगांव से भारी संख्या समाज बंधु कार्यक्रम में उपस्थित दर्ज कराई।

इसमें प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश यादव, महेश यादव, सुदेश यादव, उपेन्द्र यादव, रामदास यादव, नारायण यादव, राधेलाल यादव, शीलू यादव, सवंत यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, रितेश यादव, विनोद बंटी यादव, नरोत्तम यादव, फगुव यादव, नरसिंग यादव, अमन यादव, राजेश यादव, देवकी यादव, बबीता यादव, त्रिसी यादव, जय प्रकाश यादव, लव यादव दीपेश यादव, रजीत यादव, सुनील यादव, नारायण यादव, संतोष यादव, घासी यादव, घनश्याम यादव, संतोष यादव, आदि समाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी दुर्गा प्रसाद यादव ने दी।

# कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके एवं सफाई कर्मी श्रीमती रानी महेश हुए सेवानिवृत्त

## आयुक्त की उपस्थिति में दी गई भावभीनी बिदाई



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले नगर निगम के कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके एवं सफाई कर्मी श्रीमती रानी महेश को निगम सभागृह में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावभीनी बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी ने उनके परिजनों की उपस्थिति में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे निगम परिवार के दो लोग अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे है। सरकारी नौकरी का अंतिम पड़ाव सेवानिवृत्त है, लेकिन पारिवारिक दायित्वों के लिए पहला पड़ाव है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पश्चात आगे का समय हमारे अपनो के लिए एवं सपनों के लिए होता है, क्योकि नौकरी काल मे हम अपने बहुत से पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन नही कर पाते है। उन्होंने कहा कि हमारे रामटेके साहब का व्यवहार हर किसी के लिए सम्मानपूर्वक रहा है, उन्होंने अपने सभी दायित्वो का बहुत निष्ठापूर्वक निर्वाहन किया है, इसी प्रकार हमारी सफाई कर्मी श्रीमती रानी महेश ने सफाई जैसे कार्यो का कुशलतापूर्वक निर्वाहन किया। उन्होंने कहा कि श्री रामटेके ने लंबे समय तक के इस निकाय में कार्य किया उनकी सादगी और निष्ठा के कारण सभी विभाग के लोग किसी भी काम के लिए उन्ही को फोन लगाते थे। किसी भी कार्य की अवहेलना तथा किसी की आलोचना करना उनके स्वभाव में नही था, आप दोनो स्वस्थ रहकर अपने शेष जीवन में पारिवारिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करे, यही भगवान से प्रार्थना है।

श्री रामटेके ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज 38 वर्ष सेवा देकर निकाय से सेवानिवृत्त हो रहा हूँ। पहले जब निगम में नौकरी लगा तब लगता था कि कहा फस गये, क्योकि उस समय स्टॉप सहित फण्ड एवं साधन संसाधन की कमी थी और इस छोटे से टाउन हाल में निकाय लगती थी। उन्होंने कहा कि शहर की व्यवस्था में तकनीकि शाखा का बहुत बडी भूमिका होती है, और नगर निगम ही एक ऐसी संस्था है, जहाँ सभी प्रकार के काम करने का एवं सीखने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगो का बहुत अच्छा सहयोग मिला जहाँ पारिवारिक माहोल में इतने लंबे समय तक काम करने का अवसर मिला। मैं सभी का सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। तकनीकि अधिकारी दीपक खाण्डे, प्रणय मेश्राम, श्रीमती गरिमा वर्मा, वसीम खान, सुश्री सुषमा साहू व आयुषी सिंह सहित राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा तथा प्रधानमंत्री आवास से ललित मानकर, लिपिक संजय साहू ने भी श्री रामटेके के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि श्री रामटेके सर से सादगी एवं सौम्यता से निष्ठापूर्वक कार्य करने का अनुभव मिला। बिदाई समारोह का संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव ने किया। कार्यक्रम में सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला जेल में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के संबंध में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिन्दल ने 27 अगस्त को जिला जेल राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित बंदियों को उनके अनेक अधिकारों व अनेक विषयों पर कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार व्यक्ति को अनेक अधिकार दिये गए है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 35 (1) (ख) में प्रावधान है कि 7 साल तक के दण्ड के मामलों में विशेष कारण होने पर ही किसी को गिरफ्तार किया जा सकता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 36 (ग) के अनुसार गिरफ्तारी की सूचना गिरफ्तार व्यक्ति के उस नातेदार या व्यक्ति को दी जाने के अधिकार की जानकारी दी जायेगी जिसको वह व्यक्ति बताये। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 38 के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी पसंद के अधिवक्ता से पूछताछ के दौरान समय-समय पर मिलने का अधिकार होगा। अमित जिन्दल ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 47 (1) के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति को उस अपराध की जानकारी दी जायेगी, जिसके संबंध में वह गिरफ्तार किया जा रहा है और यदि अपराध जमानतीय है तो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 47 (2) के अनुसार उसे जानकारी दी जायेगी कि वह जमानत पर छोड़ा जा सकता है। जमानत का प्रबंध करें तथा ऐसे व्यक्ति को धारा 478 के अनुसार अधिकार पूर्वक जमानत पर छोड़े जाने का अधिकार होगा।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 48 के अनुसार गिरफ्तारी की और जिस स्थान पर गिरफ्तार व्यक्ति को रखा जा रहा है उसकी जानकारी उसके बताये गये मित्रों, नातेदारों को दी जायेगी। धारा 56 के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति के स्वास्थ्य और सुरक्षा की उचित देखभाल की जिम्मेदारी अभिरक्षा में रखने वाले व्यक्ति की होगी।

# शा. उच्चतर माध्य. विद्यालय तिलईरवार में संस्कृत सप्ताह मना

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर प्राचार्य महोदय अशीम कुमार यदु एवं समस्त स्टॉफ सदस्य गण द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्कृत विषय की व्याख्याता श्रीमती रेखा मुरकुटे द्वारा संस्कृत सप्ताह के अवसर पर बताया कि संस्कृत भाषा के महत्व को बढ़ावा देने और उसकी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है जो दुनिया की सबसे पुरानी और वैज्ञानिक भाषाओं में से एक है। यह हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा रक्षाबंधन को मनाया जाता है। इसी कड़ी में श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती सरोज भुआर्य, अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, पालक राम वर्मा, नोहर दास लिलहारे आदि व्याख्याता गणों ने संस्कृत भाषा पर अपने-अपने विचार रखें। इसी कड़ी में छात्र-छात्राओं द्वारा संस्कृत भाषा पर कविता, श्लोक, सूक्तियां, भाषण, गीत आदि प्रस्तुत करने वालों में कु.वैष्णवी, कु. संगीता, कु. डुमेश्वरी, कु. टूमेश, कु.कामिनी, कु. वैशाली, कु. देवकी, कु. जास्मीन, कु. आरती, कु. काजल ,विवेक कुमार एवं पीयूष कुमार।



इस कार्यक्रम में अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती रेखा मुरकुटे, श्रीमती सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिलहारे, पालक राम वर्मा, हरिश्चंद्र यादव, आशीष मसीह, सुश्री रीचा चंद्राकर, सुश्री हेमीन ठाकुर आदि सभी की उपस्थिति एवं सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती अनुराधा ढोक के द्वारा किया गया।

# सीईओ जिला पंचायत ने पीएम आवास ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण के कार्यो की समीक्षा की



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2024-25 में द्वितीय किस्त प्राप्त 15 हजार 695 हितग्रहियों के आवासों को 20 अक्टूबर तक पूर्ण करने के लिए सभी जनपद पंचायतों को लक्ष्य दिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में 34 हजार 784 स्वीकृत आवास में से 16 हजार 32 आवास पूर्ण हो गया है। जिले को वर्ष 2016-17 से वर्ष 2022-23 तक कुल 27 हजार 442 आवासों की स्वीकृत आवासों के विरूद्ध 27 हजार 108 आवास पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 334 आवासों को जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रगति के आधार पर मस्टर रोल भी जारी करने के निर्देश दिए।

# राम साहू ने यूरिया की कमी और कालाबाजारी पर प्रदेश सरकार को घेरा, किसानों के हक में उठाई आवाज



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस पार्टी के नेता राम साहू ने प्रदेश सरकार पर यूरिया की भारी कमी और कालाबाजारी को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार की किसान विरोधी नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि शासन की विफलता और लापरवाही के कारण किसान लाचार होकर कालाबाजारियों के हाथों शोषण का शिकार हो रहे हैं।

यूरिया की सरकारी कीमत 266 रुपए प्रति बोरी होने के बावजूद, किसानों को इसे 800 रुपए तक में खरीदना पड़ रहा है, जो कि 300 प्रतिशत से अधिक मुनाफाखोरी का स्पष्ट उदाहरण है। राम साहू ने अपने बयान कहा कि छत्तीसगढ़ जिसे धान का कटोरा कहा जाता है, आज खाद संकट के कारण संकट में है। किसान दिन-रात मेहनत कर देश का पेट भरते हैं, लेकिन सरकार उनकी मूलभूत जरूरतों को भी पूरा नहीं कर पा रही। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान सुबह से शाम तक सरकारी सहकारी समितियों के बाहर लंबी कतारों में खड़े रहते हैं, लेकिन देखा जा रहा है किसान खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। यह न केवल किसानों का अपमान है, बल्कि उनकी मेहनत और फसलों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने आगे कहा इस समय यूरिया की कमी फसलों को पीला कर रही है। किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए कर्ज लेकर कालाबाजार से महंगे दामों पर यूरिया खरीद रहे हैं। यह स्थिति शर्मनाक है। सरकार का दावा है कि खाद का पर्याप्त स्टॉक है, तो किसान यूरिया के लिए क्यों भटक रहे हैं। श्री साहू ने सरकार पर कालाबाजारी को रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। तस्कर खुलेआम यूरिया को 800 रुपए तक में बेच रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। कुछ जगहों पर तो किसानों को यूरिया के साथ अनावश्यक दवाइयां थमाया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि सरकार को तत्काल यूरिया की आपूर्ति बढ़ानी चाहिए और कालाबाजारी पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई हो। सहकारी समितियों और दुकानों की नियमित निगरानी की जाए। किसानों को सस्ती दर पर समयबद्ध तरीके से यूरिया उपलब्ध कराया जाए। राम साहू ने किसानों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ने की अपील की और कहा, कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के साथ खड़ी है। यदि सरकार ने जल्द ही इस संकट का समाधान नहीं किया, तो हम सड़कों पर उतरकर किसानों की आवाज को और बुलंद करेंगे।

# बजरंग दल की नगर बैठक संपन्न, गणेश उत्सव समितियों का होगा सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। विश्व हिंदू परिषद (विहिप), बजरंग दल ने हिंदू समाज को संगठित करने और सनातन धर्म को सशक्त बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। महावीर चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, विहिप बजरंग दल जिला कार्यालय में आयोजित एक बड़ी बैठक में जिलेभर से युवा और वार्ड समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में विभाग सहसंयोजक सुनील सेन ने बताया कि बजरंग दल ने हर वार्ड में अपनी समितियां बनाने की योजना बनाई है, ताकि संगठन को हर घर तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी वार्षिक कार्यक्रमों के आयोजनए गौ सेवा और साप्ताहिक मिलन पर चर्चा की गई, जिससे बजरंग दल के कार्यों को विस्तार मिलेगा और समाज में जागरूकता फैलेगी।

बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा ने इस अवसर पर कहा, हम हर हिंदू परिवार को संगठन से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य तब तक पूरा नहीं होगा जब तक हर हिंदू परिवार हमारे संगठन का हिस्सा नहीं बन जाता। इसके अलावा बैठक में यह घोषणा की गई कि विहिप बजरंग दल के दिशा-निर्देशों के अनुसार गणेश उत्सव में झांकी और उत्सव समितियों का सम्मान किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सभी वार्डों की समितियों की जानकारी एकत्रित होने के बाद जिला कार्यालय में गणेश उत्सव के सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में प्रमुख रूप से विहिप विभाग संगठन मंत्री कन्हैया, विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, विभाग सहसंयोजक सुनील सेन, विहिप जिला मंत्री त्रिगुण सदानी, जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, विहिप शहर अध्यक्ष शिव वर्मा, प्रिंस प्रशांत, मोहित यादव, हाथीबेड, अभिषेक शर्मा, भावेश निर्मलकर, गौरव शर्मा, प्रणय मुल्लेवार, अनुज गावरे, यश साहू, दिव्यांश साहू, विनायक गुप्ता, मनोज वर्मा, राजू वर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में वार्डों और नगर की समितियों के विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रणनीतियों पर चर्चा की गई, जिससे बजरंग दल के कार्यों को और गति मिलेगी।

# मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को दिया जा रहा 1 लाख रुपए अनुदान

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना संचालित की जा रही है। इस योजना अंतर्गत स्वयं अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से छत्तीसगढ़ राज्य में किसी भी स्थान पर मकान नहीं होने पर 3 वर्ष से निरंतर पंजीकृत एवं पात्र निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भूखण्ड पर आवास निर्माण, नवीन आवास क्रय के लिए 1 लाख रूपए अनुदान दिया जाता है।

योजना का लाभ लेने के लिए श्रमेव जयते मोबाईल एप, ऑनलाईन विभागीय पोर्टल, श्रम कार्यालय अथवा किसी भी लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन के लिए एक वर्ष की अवधि के भीतर अथवा 90 दिवस कार्य के रूप में कार्य का नियोजक प्रमाण पत्र, भूखण्ड-शासकीय पट्टा, मान्यता पत्र आबादी, भू-अधिकार पत्र, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, नगर निगम, नगर पालिक, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत से भूमि व्यपवर्तन, भवन अनुज्ञा, पंचायत से अनुशंसा, अनुमति प्रदाय किए जाने संबंधी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्वघोषणा प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक के मूलप्रति की आवश्यकता होगी। पति व पत्नी दोनों के मंडल में पंजीकृत हितग्राही होने की स्थिति में योजना के तहत केवल एक ही हितग्राही का आवास के लिए एकमुश्त अनुदान राशि दी जाएगी।

# एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव

छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत रामपुर में आयोजित एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।



कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव व जनपद पंचायत सभापति उत्तरा निषाद व भाजपा मंडल महामंत्री अशोक मरकाम भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि बिना किसी द्वेषभाव या हार-जीत की चिंता किये पूरी क्षमता के साथ खेल के मैदान में उतरना चाहिए और पूरे मनोयोग के साथ खेल खेलना चाहिए। हम खेल में जीतते हैं या सीखते हैं, हार केवल मनःस्थिति है जो में आगे अपना प्रदर्शन सुधारने व बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है।

साथ ही कहा कि खेल स्वस्थ जीवन की कुंजी है। नियमित रूप से खेल खेलना चाहिए, भले ही वह कम मात्रा में ही क्यों न हो, खेल अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है। खेल आपके दिल और आपकी सभी मांसपेशियों को मजबूत बनाने का एक शानदार तरीका है। इससे विद्यार्थियों व खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। साथ ही इस अवसर पर ग्राम पंचायत भंडारपुर सरपंच सीमा चन्द्रवंशी, रंगीटोला के पूर्व सरपंच अतिश सिन्हा ग्राम पंचायत रामपुर संरपच कन्हैया साहू, गोकुल चंद्रवंशी, सालिक साहू, कंसराम पटेल, हेमराय साहू, कमलेश साहू, धनेश्वर साहू समेत आयोजन समिति के अध्यक्ष व सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# महिलाओं के सवैधानिक अधिकार पर पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन



डोंगरगढ़ (दावा)। वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रामाटोला मे पीएम उषा प्रभारी डॉ. मनोज कुमारी रंगारी के नेतृत्व मे महिलाओं के संवैधानिक अधिकार पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज पांचवे एवं अंतिम दिवस मुख्य वक्ता के रूप मे नम्रता परीक्षा अतिथि प्राध्यापक कुंज बिहारी महाविद्यालय लाल बहादुर नगर उपस्थित रही।

कार्यक्रम के प्रारंभ मे महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रो. रंजना राम द्वारा प्रो. नम्रता परीक्षा को पुष्प गुच्छ भेट कर उनका स्वागत किया गया। अपने व्याख्यान मे उन्होंने कहा की अधिकार एक सिद्धांत है और इन्ही अधिकारों द्वारा समाज मे स्थिति सुधरती है। विभिन्न कानूनी अधिकार एवं महिलाओं के लिए शासन द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी साथ ही दहेज अधिनियम, समान कार्य के लिए समान वेतन, मातृत्व अवकाश, घरेलु हिंसा अधिनियम से अवगत कराया। मंच संचालन डॉ. संगीता रंगारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ज्योति बाला बरसागढ़े ने किया।

# तिलईरवार विद्यालय में हुआ साइकिल वितरण



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में आज कक्षा नवमी की पात्र बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। सभी पात्र बालिकाओं का गुलाल टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी एवं ग्रामीणजन एवं पालक गणों की उपस्थिति रही। साइकिल वितरण प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा इस निःशुल्क साइकिल वितरण की योजना के बारे में सभी को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया एवं बताया कि पढ़ेगी बालिका आगे बढ़ेगी बालिका, अर्थात बालिकाओं को शत-प्रतिशत सभी को शिक्षा प्राप्त हो सके, कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे सभी स्कूल आए और जीवन में आगे बढ़े।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य अशीम कुमार यदु ने भी साइकिल वितरण पर इस योजना के लाभों के बारे में बताएं। इस कार्यक्रम में अशीम कुमार यदु, श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती रेखा मुरकुटे, श्रीमती सरोज भुआर्य, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, सुश्री रीचा चंद्राकर, सुश्री हेमीन ठाकुर एवं दानेश्वर साहू सभी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू के द्वारा किया गया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में भगवान श्री बलराम जयंती सह एक दिवसीय किसान दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र सुरग में भगवान श्री बलराम जयंती सह एक दिवसीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान बलराम, छत्तीसगढ़ महतारी, हल, मूसल एवं अन्य पारंपरिक कृषि यंत्रों की पूजा अर्चना कर कृषकों की अच्छी उपज की कामना की गई। कार्यक्रम में समाज सेवी कोमल सिंह राजपूत ने किसानों को पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती हेतु प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर पारंपरिक खेती के सम्बन्ध में व्याख्यान दिया गया एवं प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों बीजामृत, जीवामृत, घन-जीवामृत एवं कीट नियंत्रण हेतु नीमास्त्र बनाने की विधियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसानों को विभिन्न गतिविधिओं के माध्यम से कृषकों को प्राकृतिक खेती के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर हिरेन्द्र साहू, ईश्वर चंद श्रीवास्तव, राजा माखीजा, अभिषेक चंद्राकर, कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा सहित श्रीमती अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांगे, डॉ. नूतन रामटेके, मनीष कुमार सिंह, डॉ. योगेंद्र श्रीवास, प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष गौरव शुक्ला, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती सुशीला रामटेके सहित बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

# कोकपुर में गूंजा वॉलीबॉल का जोश, जूनियर टीम ने सीनियर को दी शिकस्त

राजनांदगांव (दावा)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव के निर्देशानुसार हर गली हर मैदान खेले सारा हिंदुस्तान और मोर खेल मोर गौरव अभियान के तहत ग्राम कोकपुर में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन सहायक संचालक ए. एक्का के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में ग्राम सरपंच अनुपूर्णा सिन्हा मुख्य अतिथि रहीं। उनके साथ शासकीय उच्च माध्यमिक शाला के पीटीआई लक्ष्मीलाल यादव, खेल विभाग से संध्या पदम, प्रेरणा राणे, शिक्षक ठाकुर सर एवं अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र कुमार धुर्वे भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सरपंच अनुपूर्णा सिन्हा ने कहा कि यह गांव के लिए गर्व की बात है कि आज यहां वॉलीबॉल जैसा आयोजन हो रहा है। पहले गांवों में सिर्फ कबड्डी और खो-खो जैसे खेल होते थे, लेकिन अब बच्चों की रुचि वॉलीबॉल जैसे खेलों में बढ़ रही है, जो एक सकारात्मक बदलाव है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान को विकसित करने हेतु जल्द ही विभाग से पत्राचार किया जाएगा। प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग की टीमों के बीच बेस्ट ऑफ थ्री का मुकाबला हुआ। पहले दो सेट तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, लेकिन तीसरे सेट में जूनियर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

कार्यक्रम के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को विशाल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। साथ ही खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से खिलाड़ियों को वॉलीबॉल और नेट भी प्रदान किया गया। गांव के लोगों और युवाओं ने इस आयोजन की सराहना की और ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से कराने की मांग की।

## सीएम विष्णुदेव ने किया हवाई दौरा : बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जानी जमीनी हकीकत, अधिकारियों को दिए अहम निर्देश

रायपुर/ जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने आज सोमवार को बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित जिलों का हवाई दौरा किया। इस दौरान दंतेवाड़ा और बस्तर का हवाई सर्वेक्षण एवं जमीनी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों को खुद हवाई दौरा कर देखा। राहत एवं पुनर्वास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक परिवार तक समय पर सहायता पहुँचना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर संवेदनशीलता तथा तत्परता जरूरी है।

मुख्यमंत्री श्री साय दंतेवाड़ा के चूड़ीटिकरा पारा में बनाए गए अस्थायी राहत शिविर पहुँचे, जहाँ उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि शिविरों में पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पेयजल और सुरक्षित आवास की व्यवस्था निरंतर बनी रहे। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए और उनके पुनर्वास के कार्य प्राथमिकता के आधार पर तेजी से किए जाएं।

### राहत शिविरों में सभी जरूरी व्यवस्था बनाये रखने निर्देश



उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि राहत शिविरों में सभी जरूरी व्यवस्थाओं के साथ-साथ प्रभावित परिवारों को राशन, बर्तन और कपड़े जैसे आवश्यक सामग्री भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बाढ़ प्रभावितों को आवश्यकता अनुसार मकान की मरम्मत अथवा नए मकान निर्माण के लिए सहायता राशि समय पर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को बाढ़ से हुई फसल क्षति, पशुधन हानि सहित अन्य नुकसानों का शीघ्र आंकलन कर प्रभावितों को सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

### क्षतिग्रस्त पुल का किया निरीक्षण

सीएम साय ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुल का भी निरीक्षण किया और क्षेत्र की यातायात व्यवस्था तथा पुनर्निर्माण कार्यों की स्थिति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित गाँवों में सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राहत और पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएँ कठिनाई अवश्य लाती हैं, परंतु प्रशासनिक तत्परता और जनसहयोग से इन कठिनाइयों का समय पर समाधान संभव है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि राहत शिविरों और प्रभावित गाँवों में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की विशेष देखभाल की जाए तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए।

### सीएम साय ने स्वास्थ्य शिविर का लिया जायजा

मुख्यमंत्री ने यहाँ लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल टीम से दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों की तैनाती और मरीजों को दी जा रही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद करते हुए यह भी पूछा कि क्या वे प्रशासन की मदद से संतुष्ट हैं। प्रभावितों ने जिला प्रशासन के त्वरित सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। बाढ़ प्रभावितों की स्वास्थ्य जांच, बीमारों के उपचार और आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता के बारे में मौजूद अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्थिति सामान्य होने तक बाढ़ प्रभावितों को शिविर में नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बाढ़ के बाद संभावित उल्टी-दस्त तथा अन्य जलजनित मौसमी बीमारियों पर निरंतर निगरानी रखने और बचाव हेतु पेयजल स्रोतों का अनिवार्य रूप से क्लोरीनेशन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आमजन को पीने के शुद्ध पानी का उपयोग करने, स्वच्छता एवं साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को प्रभावित वार्डों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## महापौर पहुँचे मोहारा, विर्सजन कुण्ड का किया निरीक्षण



**अनंत चतुर्दशी के पूर्व साफ-सफाई कर कुण्ड में पानी भरने, आस पास विद्युत व्यवस्था करने के अलावा शहर में भी साफ-सफाई, लाईट व्यवस्था दुरूस्त कर पेचवर्क के दिये निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव आज प्रातः वार्ड निरीक्षण के दौरान मोहारा स्थित विर्सजन कुण्ड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अनंत चतुर्दशी के पूर्व शहर की विद्युत व्यवस्था दुरूस्तीकरण के अलावा साफ सफाई कर सड़कों में पेचवर्क करने के निर्देश दिए।

विसर्जन कुण्ड निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव ने कहा कि कुण्ड के आस पास साफ सफाई एवं रंग रोगन कर कुण्ड में साफ पानी भरा जाए एवं आवश्यक विद्युतिकरण कर अन्य व्यवस्था दुरूस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर के सडकों एवं विसर्जन झांकी आने वाले रूट में जहॉ गड्ढे है वहां पेचवर्क किया जाए। इसी प्रकार शहर में साफ सफाई कर जहॉ-जहॉ लाईट की समस्या है, वहां सुधार कर दुरूस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि बारिश को देखते हुए नाली-नालो की सफाई कर पानी भरान क्षेत्रों में कच्ची नाली खोद निकासी की व्यवस्था करें। निरीक्षण के दौरान प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव सहित निगम का अमला उपस्थित था।

## राइस मिल का दूषित पानी नदी नाले में छोड़ने की शिकायत एसडीएम से



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम पंचायत आसरा के आश्रित ग्राम अड़ाम के नदी नाले में राइस मिल के द्वारा दूषित पानी के छोड़े जाने से ग्रामीणों को निस्तारी और स्वास्थ्यगत परेशानी हो रही है। वहीं नदी में रहने वाली जीव जंतु की मर रहे हैं। इसके अलावा मवेशियों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस समस्या से ग्रामीण विगत कई महीनों से परेशान है। इस संबंध में ग्रामीणों ने राइस मिल के जिम्मेदार लोगों से शिकायत की थी लेकिन कोई हल नहीं निकला। अब थक हार कर ग्रामीणों ने डोंगरगांव एसडीएम से शिकायत कर दूषित पानी को नदी में जाने से रोकने की मांग की है।

उन्होंने इस संबंध के 1 सितम्बर 2015 सोमवार को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जय गुरूदेव राईस मिल एवं वर्धमान राईस मिल जो कि नेशनल हाईवे महाराजपुर (चिचोला) से लगा हुआ है। इनके द्वारा वर्तमान में फैक्ट्री का बिना फिल्टर दूषित पानी नदी/नाले में छोड़ा जा रहा है, जो कि बहुत ही दुर्गन्धयुक्त एवं पानी काला हो चुका है। वर्तमान में नदी नाले ग्रामवासियों का नहाने का एकमात्र साधन है। साथ ही ग्राम के गाय, बैल, बकरीयों का पीने का साधन है. ग्राम आसरा से फैक्ट्री की दूरी लगभग 10 से 12 कि.मी. में स्थित है। जिससे पानी बहकर सभी ग्राम से होकर गुजरती हुई दूषित पानी नदी नालों में बह रही है। पूर्व वर्ष में भी इनके द्वारा दुषित पानी छोड़ा गया था, इस संबंध में हम सभी ग्रामवासी फैक्ट्री गये हुए थे। फैक्ट्री मैनेजर से बातचीत होने पर उनके द्वारा कहा गया था कि इसके लिए उपयुक्त साधन तैयार कर रहे हैं, परंतु एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुनः ऐसा कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान स्थिति ग्राम के नदी/नालों में मछलियां लगातार मरती जा रही है जो कि बहुत ही दुखद एवं निदंनीय है।

> ग्रामीणों के द्वारा आवेदन दिया गया है। जांच करवा रहे है, उसके उपरांत कार्यवाही की जाएगी।
> **- श्रीकांत कोराम, एसडीएम डोंगरगांव**

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब का किया शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय अंचलों में सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने श्री रजवाड़ा होटल एण्ड रेस्टोरेंट में डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब का शुभारंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना और विभिन्न विभागों की प्रत्येक योजना से गांव के अंतिम व्यक्ति को जोडऩा है। इसके लिए शासकीय अधिकारी-कर्मचारी आदि कर्मयोगी, व्यावसायिक कार्यकर्ता सहित अन्य सहयोगी, अशासकीय संस्था, स्वसहायता समूह, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण युवा साथी बनकर गांव के अंतिम व्यक्ति तक एक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। उन्होंने सभी से आदि कर्मयोगी अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की।

## गणेश पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने गुण्डा बदमाशों, असामाजिक तत्वों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। शहर में गणेश पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा गुंडे बदमाशों सहित असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में बसंतपुर पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत 6 प्रकरणों में 6 आरोपियों के खिलाफ़ कार्रवाई की है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में जिले के समस्त थाना चौकिया में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 10 प्रकरणों में 13 आरोपियों के विरूद्ध 151 जा.फौ. (170/126, 135(3)) प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। इसमें आर्म्स एक्ट के तहत् 02 प्रकरण में 02 आरोपी के विरूद्ध तथा गई। आबकारी एक्ट के तहत 06 प्रकरणों में 06 आरोपियों के विरूद्ध 34(2), 34(1) 36(च), 36(सी) के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 52 पौवा देशी शराब किमती 4160 रू. एवं बिक्री रकम 2040 रू. जप्त किया गया है।



**अवैध शराब तस्करी तथा आर्म्स एक्ट के तहत् लगातार की जा रही कार्यवाही**

श्री साहू ने बताया कि गणेश उत्सव के मद्देनजर जिले में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा/शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, आदतन अपराधियों, असामाजिक तत्वों व संदेही पर विशेष अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया था। जिस पर सोमवार 1 सितंबर को थाना लालबाग पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी, थाना बसंतपुर में 03 प्रकरण 03 आरोपी, थाना डोंगरगढ़ में 05 प्रकरण में 05 आरोपी, ओपी चिखली में 01 प्रकरण 04 आरोपी इस प्रकार कुल 10 प्रकरण में 13 आरोपियों के विरूद्ध 151 जा.फौ. (170/126, 135(3)) प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त चिखली थाने में 34(2) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी, थाना बसंतपुर में 34(1) आबकारी एक्ट के तहत् 1 प्रकरण में 1 आरोपी, थाना बागनदी में 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत् 1 प्रकरण में 1 आरोपी, घुमका में 36(च) आबकारी एक्ट के तहत् 1 प्रकरण में 1 आरोपी, थाना डोंगरगांव में 36(च) आबकारी एक्ट के तहत् 1 प्रकरण में 1 आरोपी तथा मोहारा में 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत् 02 प्रकरण में 02 आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही कर आरोपियों के कब्जे से कुल 52 पौवा देशी शराब किमती 4160/-रूपये एवं बिक्री रकम 2040/- रूपये जप्त किया गया। इसके अतिरिक्त ओ.पी. चिखली एवं सुरगी पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत् 01-01 प्रकरण में 01-01 आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से धारदार हथियार चाकू जप्त किया गया। इस प्रकार जिले में अपराधों की रोकथाम हेतु लघुअधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## सूचना पटल गिरने से हुई मासूम की मौत का पूरा मुआवजा नहीं मिलने से भड़कीं छन्नी साहू



**० मृतक के परिवार को लेकर कलेक्ट्रेट में धावा बोला, दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग**
**० कार्रवाई नहीं होने पर जन आंदोलन की चेतावनी**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में दो माह पूर्व सूचना पटल गिर जाने से 5 वर्षीय मासूम की हुई मौत की घटना में दोषी लोगों पर आज तक कार्रवाई नहीं होने व मृतक परिवार को पूरा मुआवजा नहीं मिल पाने से भड़कीं पूर्व विधायक छन्नी साहू ने सोमवार को जिला कार्यालय में धावा बोला। उनके साथ मृतक युवांश निषाद के परिवार वाले भी मौजूद थे।

श्रीमती साहू ने उक्त हादसे में हुई मासूम की मौत के दोषियों पर अब तक कार्रवाई नहीं होने से प्रशासन पर सवाल उठाया और कहा कि उक्त घटना के दोषी ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव व निर्माण एजेंसी पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हो पाई है? उन्होंने आरोप लगाया है भाजपा से जुड़े होने के कारण उन्हें बचाया जा रहा है।

श्रीमती साहू का कहना है कि उक्त घटना की जांच महज औपचारिकता बन कर रह गई हैं। जबकि जिला कलेक्टर ने इस घटना के संबंध में जांच कराने व दोषियों पर निलंबन कार्रवाई होने की बात कही गई थी। लेकिन दो माह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी न तो जांच हो पाई है और न घटना के दोषियों पर निलंबन कार्रवाई किया जा सका है।

### मृतक के परिवार को आधा-अधूरा मुआवजा

पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने कहा कि हादसे के बाद मृतक परिवार को 4 लाख रुपए मुआवजा देने की बात कही गई थी लेकिन अब तक सिर्फ ढाई लाख रुपए देकर इतिश्री कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि चूंकि क्षेत्र में निषाद समाज के लोगों की संख्या कम है इसलिए उनको न्याय नहीं मिल पा रहा है। जबकि उक्त घटना को लेकर मृतक परिवार के लोगों द्वारा सभी जनों को ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं हो पाई।

श्रीमती साहू ने बगैर नींव के बने उक्त सूचना पटल गिरने को पंचायत के लोगों की घोर लापरवाही बताया और कहा कि कलेक्टर द्वारा इस घटना की जांच के लिए जांच कमेटी बनाई गई थी। रिपोर्ट भी सौंपा गया लेकिन दोषियों पर क्यों कार्वाई नहीं हो पाई यह संदेहजनक है। उन्होंने कहा कि पवित्र सदन में जहां जनता के हित में काम होना चाहिए, लेकिन पंचायत मंत्री द्वारा पवित्र सदन में झूठा लेटर दे रहे हैं। बीजेपी नेताओं को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त घटना के दोषी ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव अभी भी कार्यरत हैं।

श्रीमती छन्नी साहू ने कहा है कि उक्त घटना के दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर वे मृतक परिवार व समाज के लोगों को साथ लेकर जन आंदोलन करने सड़क पर उतरने से नही चुकेंगी।

## प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



राजनांदगांव (दावा)। बिहार के दरभंगा जिले में कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द कहे जाने पर प्रदेश एवं जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजयुमो ने कड़ा विरोध जताया। सोमवार को प्रदेश भाजयुमो के आह्वान पर जिला भाजयुमो ने शहर के महावीर चौक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके भाजयुमो पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस के नेता लगातार प्रधानमंत्री का अपमान कर रहे हैं, जिसे देश की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और राहुल गांधी के बयान की निंदा करते हुए भाजपा अध्यक्ष कोमल राजपूत एवं भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर ने कहा कि इस तरह की राजनीति लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, एम.डी. ठाकुर, शिव वर्मा, मण्डल अध्यक्ष सुमित भाटिया, मण्डल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, रघुवीर वाधवा, तरुण लहरवानी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, त्रिगून टाँक, अशोकादित्य श्रीवास्तव, हर्ष रामटेके बलवंत साव, विनोद भारती, पप्पी भाटिया, चंद्रभान जंघेल, नोमेश वर्मा, सज्जन ठाकुर प्रखर शिवास्तव देवा झा, पिंटू वर्मा, रवि साहू, प्रवीण शुक्ला, आशीष जैन, चिंटू सोनकर, आकाश चोपडा, उज्जवल कसेर, मनोज यादव, मनोहर साहू, संयम शर्मा, आशुतोष सिंह, हेतल भोजानी, जश्मीत भाटिया, दिनेश साहू, गेमू कुंजाम चेतन यादव, यश पारख, संजय मिश्रा, प्रबोध साहू, रानू मेश्राम, प्रकाश मारकंडे लवकुश वर्मा, हर्ष चौधरी, आशीष सोरी, गीतेश गुप्ता, ज्ञानेश गुप्ता, मोहम्मद ठाकुर, नितेश नायक, अंशुल श्रीवास्तव, उन्नति तिवारी, अरविंद बैद, सोहन चौरसिया, आदित्य पराते, विकास साहू, योगेश देवांगन, कमलेश प्रजापति, नीलेश पंसारी, साकेत वैष्णव, अभिषेक झा, रोहित अवचत, अशोक सिन्हा, अंकित गोरेवाल, मनोज साहू, राजा सावरकर, पंकज वर्मा, शिवम् जामुलकर, राजू देशमुख, लोकेश देशमुख, अभिषेक यादव, सूरज नायक, अभिषेक यदु, कमलेश लहरे, कौशल देवांगन, वासिम खान, सौरभ टेभूलकर, जैकी सोनकर, टिक्कू राजपूत, रोहित सिन्हा, विशाल शर्मा, संयम जैन, चिंटू सोनी, प्रकाश कंवर, प्रशांत सोनी, सोमू कन्नौजे, कमल ध्रुव, आँशु कसार, रवि राजपूत, अमितेश झा, प्रह्लाद सिन्हा, पियूष लनिया, तोरण टेली, नरेश कोचरे, सुनील साहू, रवि बंजारे, रफीक खान, नीलेश राजपूत, आशीष साहू, चुनेश्वर साहू सहित लगभग 100 से ज्यादा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## ठाकुरटोला नाला में बहे युवक की लाश सुबह झाड़ियों में फंसी मिली

डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। ग्राम बेलगांव-मोहारा मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम कोलेंद्रा-ठाकुरटोला के मध्य स्थित नाला में अचानक आई बाढ़ से, मार्ग में बने स्टॉप डैम कम रपटा को पार करते समय युवक के बह जाने से उसके खोजबीन में पूरा गांव इकठ्ठा हो गया। किंतु देर रात तक युवक का पता नहीं चल पाया। पूरी रात परिजन परेशान रहे। प्रशासन की ओर से तैनाद रेस्क्यू टीम को सुबह झाड़ीयां में फंसे युवक की बॉडी मिली। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम को हुई तेज बारिश और डंगोरा डैम में चल रहे उलट के कारण नाला में अचानक बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। ग्राम कोलेंद्रा निवासी मिथिलेश वर्मा पिता शिवप्रसाद वर्मा उम्र 35 वर्ष किसी काम से खैरागढ़ गया था। युवक ठाकुरटोला होते हुए अपने घर पैदल नाला पार करते हुए जा रहा था। तभी युवक का पैर फिसल गया और वह तेज बहाव वाले पानी की चपेट मैं आकर नीचे गिर गया। नीचे गिरने के बाद युवक लापता हो गया। गांव वालों ने बताया कि स्टॉप डैम कम रपटा में सात गेट लगे हुए हैं। जिसमें से मात्र चार गेट ही खुले हैं। बाकी गेट खराब हो चुके हैं। जिसे विभाग द्वारा मरम्मत नहीं कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि, अगर सभी गेट खुले रहते तो पानी पुलिया के ऊपर नहीं आता। घटना स्थल पर 112 एवं मोहरा पुलिस की टीम पहुंच चुकी थी।

### प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही ने ली युवक की जान

सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित स्टाफ डैम कम रपटा का निर्माण वर्षों पूर्व किया गया था। किंतु आवश्यक मरम्मत कार्य नहीं किए जाने के कारण इसके अनेक गेट क्षतिग्रस्त होने के कारण बंद हो गए थे। इसके अलावा सिंचाई विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी द्वारा अन्य गेटों को खोला नहीं गया था। इसके कारण पानी का जलस्तर बढ़ गया और पानी रपटा (पुल) के ऊपर से होकर बहने लगा। सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित इस रपटा (पुल) का उपयोग बेलगांव से मोहरा जाने वाले ग्रामीण वर्षों से करते आ रहे हैं। अत्यधिक सकरे



**० देर रात तक युवक की खोजबीन के बाद रेस्क्यू टीम को सुबह सफलता मिली**
**० घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण, परिजन परेशान**

इस मार्ग से हमेशा नाला में गिरने का खतरा सामान्य दिनों में भी बना रहता है। मार्ग सकरा होने एवं मार्ग के दोनों और रेलिंग नहीं लगने के कारण आने-जाने वाले ग्रामीणों को नाले में गिरने का भय हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि, सिचाई विभाग का ये स्टॉप डेम (रपटा) का गेट अगस्त महीने मे क्यों बंद रखा गया। अगर गेट खुला होता तो ऊपर से पानी नहीं बहता और आज एक युवक की मौत नहीं होती।

### क्षेत्र की जिम्मेदार जनप्रतिनिधि नदारत

बेलगांव से मोहरा के बीच स्थित ग्रामों में अत्यधिक वर्षा होने के कारण अनेक घटनाएं घट चुकी है। कुछ दिन पूर्व कोलेंद्रा-ठाकुरटोला मार्ग में बने एक अन्य पुल के धराशाई हो जाने एवं नाले का पानी गांव में घुस जाने से अनेक मकान क्षतिग्रस्त हुए थे एवं अनेक किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा था। दोनों ही घटना के समय क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का पीड़ितों के प्रति संवेदना प्रकट नहीं करना, गैर जिम्मेदारना कृत्य के रूप में देखा जा रहा है। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने दोनों ही घटनाक्रम को संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा किसी भी जनप्रतिनिधि ने इतने बड़े घटनाक्रम को संज्ञान में नहीं लिया। ग्रामीणों को प्रभावहीन पंचायत प्रतिनिधियों के भरोसे छोड़ दिया गया। इससे ग्रामीणों में अत्यधिक आक्रोश व्याप्त है।

### आने वाले समय में प्रशासनिक लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी - रवि अग्रवाल

घटना क्रम की जानकारी होते ही पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले पूर्व जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने व्यक्तिगत पारिवारिक व प्रशासनिक सहयोग प्रदान कर पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाई। श्री अग्रवाल ने इसे प्राकृतिक घटना न मानकर जिम्मेदार प्रशासनिक विभाग के अधिकारी व कर्मचारी की लापरवाही को युवक की मौत का जिम्मेदार ठहराया। श्री अग्रवाल ने प्रशासन से आग्रह किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना के लिए जिम्मेदारी तय करने से ऐसी अप्रिय घटना पर अंकुश लगाया जा सकता है, शासन से नियमानुसार मिलने वाले मुआवजा क़ो जल्द प्रदान करने की मांग की है। और साथ ही साथ सिंचाई विभाग के उस स्टॉपडेम (रपटा) में तत्काल रेलिंग लगाने की मांग की है ताकि आने वाले समय मे ऐसी घटना से बचा जा सके।

### रपटा वैकल्पिक व्यवस्था है पुल बनाया जाना आवशयक है- एसडीओ असद सिद्दीकी

सिंचाई विभाग के एसडीओ असद सिद्दीकी ने बताया कि, 7 में से 6 गेट खुले थे। विभाग द्वारा गेट का वीडियो और फोटोग्राप्स जारी कर बताया कि, रपटा वैकल्पिक व्यवस्था है, पुल बनाया जाना आवश्यक है, मांग को ध्यान में रखते हुए प्राकलन तैयार कर भेजा जाएगा। अत्यधिक पानी की आवक की स्थिति में उस रास्ते को बंद कर दिया जाना चाहिए था।




आवश्यकता है
प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार, हेल्पर एवं ड्रायवर की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।
संपर्क :- दैनिक दावा बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com